


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 16 अंक - 181 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 15 अप्रैल 2025 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### रायगढ़ में मां-बेटी की हत्या:घर के बरामदे में मिली लाश, दोनों के सिर पर गंभीर चोट के निशान

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में डबल मर्डर हुआ है। पुसौर गांव में मां-बेटी की लाश उनके घर के बरामदे में पड़ी मिली है। दोनों के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। आसपास के लोगों ने थाने में सूचना दी। सूचना के बाद जांच के लिए पुलिस टीम पहुंच गई है। थाने से 200 मीटर की दूरी पर वारदात हुई है।

एसपी दिव्यांग पटेल समेत डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर मौजूद हैं। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान गायत्री मंदिर के पास रहने वाली उर्मिला संवरा (45) और पूर्णिमा संवरा (24) के रूप में हुई है। फिलहाल घर को सील कर दिया गया है।

पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि मृतिका अपनी दो बेटियों के साथ घर में रहती थी, लेकिन उसकी एक बेटी कल्पना संवरा (18) डांस कॉम्पिटिशन के लिए अपने डांस ग्रुप के साथ कलमी गांव गई हुई थी। आज सुबह 6 बजे जब वह घर पहुंची तो दोनों की लाश देखी। एसपी दिव्यांग पटेल के मुताबिक हत्या सोमवार रात में हत्या की गई है। मां-बेटी के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। सुबह पुलिस को सूचना मिली। पूछताछ जारी है। सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल एंगल से भी जांच जारी है। मौके से एक बैट बरामद किया गया है।

### निगम भिलाई के पदोन्नत कर्मचारियों को मिला नियुक्ति पत्र

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में पदोन्नति हेतु नियमित पद नहीं होने के कारण लम्बे अवधि से निगम के कुछ कर्मचारियो का पदोन्नति विगत 14 वर्षो से लंबित था। जैसे ही पद रिक्त हुआ आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर छानबीन समिति गठित की गई। सिन्यारटी एवं योग्यता को आधार मानते हुए 5 कर्मचारियो को पदोन्नत किया गया। आज पदोन्नत कर्मचारियो को आयुक्त द्वारा पदोन्नति पत्र प्रदान किया गया। राजस्व निरीक्षक अनिल मेश्राम को सहायक राजस्व अधिकारी, चैकीदार शशिभूषण मोहंती को सहायक ग्रेड-3, संतराम देवांगन, दिनेश बेलचंदन एवं कोमल पटेल को चैकीदार पद से पदोन्नत करते हुए सहायक राजस्व निरीक्षक बनाया गया।

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल से सभी कर्मचारियो को शुभकामना देते हुए उनसे अपने पदोन्नत पद के अनुरूप अच्छे से कार्य करने के लिए कहे। यह भी बताए की जो भी नागरिक निगम में काम लेकर आते है, उनसे अच्छे से व्यवहार करना है, सबकी समस्या को सूनना है और शीघ्र निराकरण करें।

### पेड़ पर लटकी मिली बीएसपी ठेका श्रमिक की लाश

**भिलाई।** उतई थाना अंतर्गत पेड़ पर फंदे पर लटका शव मिला। शव करीब 15 दिन पुराना था। मृतक के पास से मिले बीएसपी के गेट पास से पुलिस ने पहचान यशवंत कुमार (32वर्ष) निवासी रनचिरई के रुप में की है। उतई पुलिस ने बताया कि डुंडेरा स्थित नर्सरी में पेड़ पर फंदे पर लाश लटकी हुई थी। लोगों की नजर नहीं पड़ने पर गर्मी की तपिश की वजह से बॉडी पूरी तरह से सड़ चुकी थी। पुलिस ने बताया कि मृतक के जेब से बीएसपी का गेटपास मिला। उसके उसकी पहचान कर परिजनों को बुलाया गया। रनचिरई थाने में यशवंत कुमार की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। मृतक बीएसपी में ठेका श्रमिक था। फिलहाल पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# छत्तीसगढ़ में पेट्रोल पंप खोलना हुआ आसान सरकार ने खत्म की लाइसेंस की जरूरत

### अब केंद्रीय पेट्रोलियम अधिनियम के नियमों का करना होगा पालन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए पेट्रोलियम रिटेल आउटलेट्स यानी पेट्रोल पंप के लिए राज्य स्तर पर लाइसेंस की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। यह बदलाव 14 नवंबर 2024 को खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की ओर से जारी एक अधिसूचना के जरिए लागू किया गया है। अब पेट्रोल पंप खोलने के लिए व्यवसायियों को सिर्फ केंद्रीय पेट्रोलियम अधिनियम के नियमों का पालन करना होगा। पहले की दोहरी अनुमति की प्रक्रिया को हटाकर इसे आसान बना दिया गया है।




बता दें पहले पेट्रोल पंप शुरू करने के लिए व्यवसायियों को कलेक्टर के माध्यम से खाद्य विभाग से क्रय विक्रय का लाइसेंस प्राप्त करना होता था। प्रत्येक वर्ष अथवा तीन वर्ष में एक बार लाइसेंस का रिन्यूवल कराना होता था। राज्य शासन और केंद्र, दोनों जगह से अनुमति लेने की दोहरी प्रक्रिया से समय और पैसा दोनों खर्च होते थे, साथ ही कागजी कार्रवाई भी बढ़ जाती थी। अब केवल केंद्र के नियमों का पालन करना काफी होगा। इससे व्यवसायियों को राहत मिलेगी और पेट्रोल पंप खोलने की प्रक्रिया तेज और सस्ती हो जाएगी। यह कदम छत्तीसगढ़ में व्यवसाय को बढ़ावा देने और नियमों को सरल बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव है।

### व्यवसायियों को होगा फायदा

अब कम कागजी कार्रवाई और एक ही स्तर की अनुमति से पेट्रोल पंप जल्दी शुरू हो सकेंगे। नए व्यवसायी, खासकर छोटे उद्यमी और तेल कंपनियां, बिना ज्यादा परेशानी के अपना काम शुरू कर सकेंगे जिससे उन्हें लाभ होगा। यह सुधार ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में पेट्रोल पंप खोलने को बढ़ावा देगा, जहां अभी ईंधन की पहुंच कम है। इस बदलाव से छत्तीसगढ़ में ईंधन की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे लोगों को पेट्रोल-डीजल आसानी से मिल सकेगा। खासकर उन इलाकों में, जहां अभी पेट्रोल पंप कम हैं, वहां सुविधा बेहतर होगी। साथ ही, नए पेट्रोल पंप खुलने से राज्य में निवेश बढ़ेगा और बुनियादी ढांचे का विकास होगा। यह सरकार के उस लक्ष्य को भी पूरा करता है, जिसमें व्यवसाय करने में आसानी और आर्थिक विकास पर जोर दिया गया है।

### छत्तीसगढ़ बन रहा व्यवसाय के लिए अनुकूल : सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में व्यवसायों के लिए अनुकूल माहौल बनाने को लेकर गंभीर है। नियमों को सरल करके और अनावश्यक बाधाओं को हटाकर राज्य उद्योग, व्यवसाय को सहूलियत और निवेश को प्रोत्साहित करने की दिशा में काम कर रही है। इससे न सिर्फ व्यवसायियों को फायदा होगा। बल्कि राज्य की जनता को भी बेहतर सेवाएं मिलेंगी। छत्तीसगढ़ सरकार के इस निर्णय से पेट्रोल पंप खोलना आसान हो गया है। यह कदम न केवल सभी क्षेत्रों में ईंधन की पहुंच बढ़ाएगा, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगा।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर घर के बाहर बैठे 6 को कुचला, दो की मौत और चार घायल

■ जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र का मामला, गांव में तनाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** जेवरा सिरसा चौकी अंतर्गत सोमवार रात को हुए दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। अनियंत्रित ट्रैक्टर ने घर के बाहर बैठे 6 लोगों को कुचल दिया। इससे एक बच्ची की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि अस्पताल ले जाते एक महिला की मौत हो गई। वहीं चार लोगों का इलाज अस्पताल में जारी है। इस घटना को लेकर ग्राम बेलौदी के ग्रामीण आक्रोशित हैं।

जेवरा सिरसा पुलिस के मुताबिक यह घटना ग्राम बेलौदी चौकी जेवरा सिरसा में हुई है। रात में करीब 9 बजे खाना खाने के बाद गर्मी के मौसम के कारण घर के बाहर महिलाएं अपने बच्चों के साथ बैठी हुई थी इसी दौरान एक




अनियंत्रित ट्रैक्टर ने घर के बाहर बैठी महिलाओं एवं बच्चों को कुचल दिया । हादसे में घटनास्थल पर ही बच्ची संतोषी निषाद की मौत हो गई जबकि सरस्वती देशमुख अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। चार अन्य घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को पड़कर पुलिस के हवाले किया। घटना के बाद गुस्साये लोगों ने जमकर विरोध प्रकट किया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस घटना लोग को लेकर अभी भी गांव में तनाव का माहौल है।

## दुर्ग में फटा पाइप लाइन, भिलाई में दो दिन वाटर सप्लाई रहेगी ठप, निगम ने शुरू कराया संधारण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई में दो दिन के लिए वाटर सप्लाई बंद रहेगी। दुर्ग के गंजमंडी के पास पाइप लाइन फट गया है जिसका संधारण भिलाई निगम द्वारा मंगलवार को शुरू किया गया। इसके कारण 16 व 17 अप्रैल को 2 दिन के लिए निगम क्षेत्र में पानी सप्लाई बाधित रहेगी। संधारण कार्य पूरो होने के बाद पहले की तरह पानी सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

जानकारी के अनुसार नगर पालिक निगम भिलाई के शिवनाथ इंटेकवेल में रॉ-वाटर जलशोधन संयंत्र में दुर्ग गंज पारा के सामने




पाइप लाईन में लिकेज हो रहा था। मंगलवार को इसका संधारण का कार्य शुरू कर दिया गया। जलशोधन संयंत्र में 1000 डाया का पाइप बिछा हुआ है। यह सबसे महत्वपूर्ण पाइप लाईन है, इसी के माध्यम से नगर निगम के 77 एमएलडी एवं 66 एमएलडी जलशोधन संयंत्र में पानी पहुंचाया जाता है। फिर वहां से शुद्धिकरण करके पीने योग्य बनाया जाता है। इसके बाद सभी बड़ी टंकियों को भरा जाता है, वहीं से सभी क्षेत्रों में पानी का वितरण किया जाता है। जलशोधन संयंत्र के नहीं भरने से सप्लाई नहीं हो पाएगी।

मंगल सुबह तड़के ही पाइप लाईन के लिए खुदाई शुरू की गई है। निगम के जल विभाग का पूरा इस काम में लगा हुआ है। संधारण का कार्य दो दिन चल सकता है इसके लिए भिलाई निगम क्षेत्र में 16 व 17 अप्रैल को पानी सप्लाई प्रभावित रहेगी। निगम प्रशासन ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि अपने घरों में पानी को स्टोर करके रख लेवें। निगम द्वारा सभी क्षेत्रों में टेंकर से पानी पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। क्षेत्र बड़ा है आवश्यकता के अनुसार सभी क्षेत्रों में पानी पहुचाने का भरसक प्रयास किया जाएगा। सर्तकता तौर पर सभी लोग अपने घरों में पानी जरूर बचत करें।

## नहर में डूब गए थे दो दोस्त, दोनों शव बरामद, 36 घंटे चला रेस्क्यू

■ रविवार शाम को डूब गए थे दोनों, एक दिन पहले मिला था एक का शव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के सेलूद क्षेत्र से गुजरने वाली तांदुला नहर में दो दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। रविवार दोपहर बाद डूबे दोनों में से एक की लाश सोमवार देर शाम लगभग 24 घंटे के रेस्क्यू के बाद निकाला गया। वहीं दूसरे का शव मंगलवार की सुबह खोज लिया गया। शवों की खोज के लिए तांदूला से नहर के पानी को बंद करवाया गया तब जाकर रेस्क्यू पूरा हो सका। दोनों मृतक मंत्रालय में पदस्थ थे। इनकी मौत के बाद परिवार में मातम का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना 13 अप्रैल रविवार के दोपहर बाद ही है।



प्रहलाद यादव (40) व नंद किशोर धुरवे (38) अपने एक अन्य दोस्त के साथ बिलाई माता मंदिर के दर्शन करने धमतरी गए थे। वहां से दर्शन कर लौटते समय सेलूद के पास नहर के पास तेज बहाव को देखकर रुक गए। इस दौरान प्रहलाद यादव (40) पुल पर से नहर में पैर डालकर बैठा था। तेज बहाव के कारण उसका बैलेंस बिगड़ा और वह बह गया। यह देख दूसरा दोस्त नंद किशोर धुरवे (38) उसे बचाने कूदा और वह भी बह गया। तीसरा दोस्त फोन पर बात कर रहा था और उसने यह देख मदद के लिए आवाज लगाई।

घटना की सूचना मिलने के बाद थाना उतई से पुलिस व एसडीआरएफ की टीम पहुंची लेकिन तब तक दोनों डूब चुके थे। रविवार को देर शाम तक रेस्क्यू किया गया लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस सोमवार को फिर से रेस्क्यू शुरू हुआ। इस दौरान एसडीआएफ ने प्रशासन की मदद से तांदूला से नहर के पानी को रुकवाया गया। घटना के लगभग 24 घंटे बाद प्रहलाद यादव का शव खोज निकाला गया। लेकिन नंद किशोर का कुछ पता नहीं चला। सोमवार देर शाम को रेस्क्यू रोका गया। इसके बाद मंगलवार की सुबह फिर से रेस्क्यू किया गया। पानी कम होने के बाद एसडीआरएफ ने जाल डालकर तलाश किया। आखिरकर घटना के 36 घंटे बाद मंगलवार की सुबह नंदकिशोर का शव भी बाहर निकाल लिया गया।

प्रहलाद यादव धनौरा और नंद किशोर धुर्वे सुभाष नगर बोरसी का रहने वाला था। दोनों नया रायपुर स्थित मंत्रालय में पदस्थ थे। वो लोग छुट्टी होने से घर आए थे और रविवार को माता के दर्शन करने के लिए निकले थे। एसडीआरएफ प्रभारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया सोमवार की शाम को पानी कम होने के बाद पहला शव मिला और मंगलवार की सुबह दूसरा शव बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सीएम साय के सचिव बने रजत कुमार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सेक्रेटरी मुकेश बंसल को सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव पद के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। उनकी जगह आईएएस अफसर रजत कुमार को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। वहीं, 6 जिलों के डिप्टी-अपर और जॉइंट कलेक्टर्स का भी ट्रांसफर किया गया है।

आदेश स्पष्ट है कि मुकेश बंसल के पास वित्त विभाग के सचिव, सामान्य वाणिज्य कर आबकारी विभाग के सचिव और मुख्यमंत्री के सचिव की जिम्मेदारी पहले की तरह रहेगी। रजत कुमार के पास वाणिज्य एवं उद्योग और सार्वजनिक उपक्रम विभाग के सचिव और वाणिज्य एवं उद्योग रेल परियोजना विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार है। अब अतिरिक्त जिम्मेदारी भी मिली है।

6 जिलों के डिप्टी-अपर और ज्वाइंट कलेक्टर्स का भी ट्रांसफर

राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विनायक शर्मा को मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर का अपर कलेक्टर बनाया गया है। इसी प्रकार ममता यादव को बिलासपुर संयुक्त कलेक्टर, माधुरी सोम ठाकुर को कोरबा संयुक्त कलेक्टर, स्निग्धा तिवारी को जांजगीर चांपा संयुक्त कलेक्टर, अशोक कुमार मार्बल सारंगढ़ बिलाईगढ़ डिप्टी कलेक्टर और गीता रायस्त को बस्तर संभागीय आयुक्त दफ्तर में उपायुक्त बनाया गया है।

## धांय-धांय और किस्सा खत्म

श्रीकंचनपथ




छोटी अबोध बच्चियों को अगवा कर उनका रेप करने की कोशिश दुनिया का सबसे गंदा अपराध है। कर्नाटक के हुबली में भी ऐसा ही एक अपराध हुआ। इसके बाद आरोपी पकड़ा गया। आरोपी ने पुलिस की हिरासत से भागने की कोशिश की और मारा गया। निहत्थे आरोपी ने अकेले ही पुलिस टीम पर इतने पत्थर बरसाए कि पुलिस को उसे गोली मारनी पड़ी। यही तो चाहती थी पब्लिक। यही तो चाहती रही है पब्लिक। वह तो मासूम बच्चियों के साथ जिनाकारी करने वाले लोगों के लिए इससे भी भयानक सजा की मांग करती है। अगर आरोपी पहले पब्लिक की पकड़ में आ जाता है तो वह उसका वह हाल करती है कि वह मौत मांगने लगता है। रेपिस्ट को चौराहे पर फांसी देने से लेकर उनकी बोटी-बोटी काट कर कुत्तों को खिला देने के सुझाव भी मिलते रहे हैं। गोली खाकर मरना तो इसके मुकाबले बहुत आसान मौत है। रेपिस्ट को गोली मारे जाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले 2019 में हैदराबाद में पुलिस ने रेप के चार आरोपियों का एनकाउंटर कर दिया था। हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इसे फर्जी एनकाउंटर माना और पुलिस कर्मियों पर हत्या का अभियोग लाने की सिफारिश की। उत्तर प्रदेश के लखनऊ और नोएडा, महाराष्ट्र के बदलापुर, असम के गुवाहाटी और कामरूप में भी बलात्कार के आरोपियों का एनकाउंटर कर दिया गया। जन भावना रेपिस्ट को भयानक से भयानक सजा देने के पक्ष में है। पर भारतीय संविधान दोषी को तब तक दोषी नहीं मानता जब तक कि आरोप किसी भी संदेह से परे साबित न हो जाएं। अकसर आरोपियों को इसका लाभ मिल जाता है। हालांकि दिल्ली की निर्भया कांड के बाद काफी कुछ बदला है। रेप केसेस की फास्ट ट्रैक सुनवाई होने लगी है और दोषियों को रिकार्ड समय में दंडित किया जा रहा है। रेपिस्ट के खिलाफ यह आक्रोश अकेले भारत में नहीं है। यूएई में सेक्स अपराधी को सात दिनों के अंदर ही फांसी दे दी जाती है। खाड़ी के कुछ देशों में हाथ काट दिया जाता है। अफगानिस्तान, ईरान, इराक, पाकिस्तान, सऊदी अरब, सूडान और यमन में रेपिस्ट को शरिया कानून के तहत सज़ा दी जाती है। उत्तर कोरिया में रेप के गुनहगार को सिर में गोली मार दी जाती है। इराक में बलात्कार करने वालों को चौराहे पर खड़ा कर तब तक पत्थर मारे जाते हैं, जब तक कि वो मर ना जाए। पोलैंड में बलात्कारी को सुअरों से कटवाया जाता है। इंडोनेशिया में बलात्कारी को नपुंसक बनाने के साथ ही उनमें महिलाओं के हॉर्मोन्सत डाल दिए जाते हैं। चीन में बलात्कारियों का कोर्ट ट्रायल नहीं होता, मेडिकल जांच में रेप की बात प्रमाणित होते ही दोष साबित माना जाता है और मृत्यु दंड दे दिया जाता है। रेप को लेकर पूरी दुनिया और प्राय: सभी धर्म जीरो टालरेंस के पक्षधर हैं। बावजूद इसके ऐसे अपराध बढ़ रहे हैं। तो क्या इसकी रोकथाम संभव नहीं?



## संपादकीय

# गर्मी ने पानी का गणित बिगाड़ा

भारत के सबसे बड़े महानगरों में से एक मुंबई की प्यास बुझाने का दारोमदार जिन सात जलाशयों पर है, उनमें मार्च के चौथे हफ्ते में ही महज 37.67 प्रतिशत पानी बच रह गया। इन जलाशयों में फिलहाल 5 लाख 45 हजार 183 मिलियन लीटर पानी है। दावा है कि यह जल बमुश्किल मई महीने तक चल पाएगा। हर दिन 400 करोड़ लीटर पेयजल की मांग वाले इस महानगर में समय से पहली आई गर्मी ने पानी का गणित बिगाड़ दिया है। गर्मी के कारण जलाशयों में वाष्पीकरण तेज हो गया है। इसलिए जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है।

> “देश के दूसरे संरक्षित जलाशयों के हालात भी मुंबई से बेहतर नहीं हैं। केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, देश के अधिकांश बड़े जलाशयों में पानी उनकी कुल क्षमता के मुकाबले 45 प्रतिशत तक कम हो गया है। वहीं, मौसम विभाग ने मार्च से मई के बीच भीषण गर्मी की चेतावनी दी है, तीखी गर्मी यानी जमा जल का अधिक वाष्पीकरण। सीडब्ल्यूसी के अनुसार, देश के 155 प्रमुख जलाशयों में फिलहाल 8,070 करोड़ क्यूबिक मीटर (बीसीएम) पानी बचा है, जबकि इनकी कुल क्षमता 18,080 करोड़ क्यूबिक मीटर है।

जलाशय आरक्षित जल-कुंड हैं, जो खेती-किसानी की जान होते हैं। अभूत से कल-कारखाने भी इनके पानी पर निर्भर हैं। पेयजल तो है ही। यदि इन जलाशयों में पानी पर वाष्पीकरण की चोट गहरी हुई तो जान लें कि रबी और खरीफ के बीच तीसरी फसल लेने वाले खेत खाली ही रहेंगे। यदि जलाशय खाली, नदी सूखी तो बहुत सी जल विद्युत परियोजनाओं का ठप होना भी तय है। चिलचिलाती गर्मी में बिजली की कमी बड़े स्तर पर हाहाकार का न्योता है। संकट अकेले जलाशयों का नहीं है, नदियां भी समय से पहले सूख रही हैं। नदियों का सूखना अकेले पानी की कमी ही नहीं होता, इससे समूचे पर्यावरणीय तंत्र का नुकसान होता है। जमीन की नमी कम होने से ले कर जल-जंगल के जीव तक इससे प्रभावित होते हैं, और यह समूचा तंत्र जंगलों के नुकसान का कारण बनता है।

खून से लाल बस्तर की जीवन रेखा कहलाने वाली इंद्रावती नदी फरवरी के अंतिम हफ्ते में ही मैदान बन गई। बालाघाट की बावन थड़ी नदी हो या फिर अम्बिकापुर की बांकी नदी या बदायूं की सोत नदी, हर जगह जलधर की जगह रेत का मैदान है और लगता है कि नदी वास्तव में पानी के लिए नहीं, बल्कि बालू के लिए होती है। यह बात सीडब्ल्यूसी कह रहा है कि देश की 20 नदी घाटियों में से 14 में मौजूदा जल भंडार उनकी क्षमता के मुकाबले आधे से भी कम है।

इन नदी बेसिनों में से गंगा अपनी सक्रिय क्षमता के मुकाबले मात्र 50 फीसद पर है, जबकि गोदावरी में 48, नर्मदा में 47 और कृष्णा में 34 फीसद पानी ही शेष बचा है। यह परिदृश्य भूजल के लिए सबसे बड़ा खतरा है और हमारे देश की अधिकांश ग्रामीण जल योजनाएं भूजल पर ही निर्भर हैं। बढ़ती गरमी, घटती बरसात और जल संसाधनों की नैसर्गिकता से लगातार छेड़छाड़ का ही परिणाम है कि बिहार की 90 फीसदी नदियों में पानी नहीं बचा। कुछ दशक पहले तक राज्य की बड़ी नदियां-कमला, बलान, फल्गू, घाघरा आदि-कई-कई धाराओं में बहती थीं जो आज नदारद हैं। झारखंड की 141 नदियों के गुम हो जाने की बात फाइलों में दर्ज हो चुकी है। राज्य की राजधानी रांची में करमा नदी देखते देखते अतिक्रमण के घेर में मर गई। हरमू और जुमार नदियां नाला बना चुकी हैं। चतरा, देवघर, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूम घने जंगल वाले जिले हैं, जहां कुछ ही सालों में सात से 12 नदियों की जल धारा मर गई।

यह सवाल हमारे देश में लगभग हर तीसरे साल खड़ा हो जाता है कि ‘औसत से कम’ पानी बरसा या बरसेगा, अब क्या होगा? देश के 13 राज्यों के 135 जिलों की कोई दो करोड़ हेक्टेयर कृषि भूमि प्रत्येक दस साल में चार बार पानी के लिए त्राहि-त्राहि करती है। अभी तक तो कम बरसात की आंशका होते ही दाल, सब्जी व अन्य उत्पादों के दाम बाजार में आसमानी हो जाते थे लेकिन अब बाजार पर सबसे अधिक असर गर्मी के आंकड़ों का है। इसके बावजूद बढ़ते तापमान के साथ पानी के इस्तेमाल की हमारी आदतें नहीं सुधर रहीं। असल में हमने पानी को ले कर अपनी आदतें खराब कीं। जब कुएं से रस्सी डाल कर पानी खींचना होता था या चापाकल चला कर पानी भरना होता था तो जितनी जरूरत होती थी, उतना ही जल उलींचा जाता था। घर में टोंटी वाले नल लगने और उसके बाद बिजली या डीजल पंप से चलने वाले ट्यूबवेल लगने के बाद तो एक गिलास पानी के लिए बटन दबाते ही दो बाल्टी पानी बर्बाद करने में भी हमारी आत्मा नहीं कांपती है।

हमारी परंपरा पानी की हर बूंद को स्थानीय स्तर पर सहेजने, नदियों के प्राकृतिक मार्ग में बांध, रेत निकालने, मलवा डालने, कूड़ा मिलाने जैसी गतिविधियों से बच कर, पारंपरिक जल स्त्रोतों-तालाब, कुओं, बावड़ी आदि के हालात सुधार कर, एक महीने की बारिश के साथ साल भर के पानी की कमी से जूझने की रही है। हम भूल जाते हैं कि प्रकृति पानी हमें एक चक्र के रूप में प्रदान करती है, और इस चक्र को गतिमान बनाए रखना हमारी महती जिम्मेदारी है।

# भौतिक चकाचौंध व सोशल मीडिया से बढ़ रहे रिश्तों के कत्ल

**विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की सीख देने वाले भारत जैसे आध्यत्म और शांति की धरा वाले देश में बढ़ती भौतिक विलासिता की चकाचौंध और सोशल मीडिया का जिन्दगी में बढ़ता दखल, पारिवारिक-सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है। संबंधों में तकरार और फिर नृशंस तरीके से हत्या जैसे मामलों ने देश को झकझोर कर रख दिया है। मेरठ की मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपुत की हत्या कर दी। ऐसे ही मुजफ्फर नगर की पिंकी ने अपने आशिक के लिए अपने पति अनुज को जहर पिलाकर मार दिया।**



रिश्तों में हत्या का ऐसा ही प्रकरण बेंगलुरू में देखने को मिला, वहां के हुलीमावु क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करके उसकी बॉडी को सूटकेस में भर दिया। देश के अलग-अलग शहरों में हो रही ऐसी हत्याओं ने देश की जनता को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया। आखिर ये सिलसिला कहां जकर थमेगा? इन घटनाओं ने सोचने-समझने के लिए मजबूर कर दिया है कि आखिर यह देश किस दिशा में जा रहा है।

पिछले कुछ वक्त से देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जिनमें पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की रिपोर्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दुनिया भर में कुल 51 हजार 100 महिलाओं और लड़कियों का कत्ल हुआ है। इनमें से 60 फीसदी के करीब कत्ल महिलाओं या लड़कियों के अपने पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने किया। एक रिपोर्ट कहती है कि देश भर में हर साल औसतन 225 लोगों को उनकी पत्नियां कत्ल कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां अपने पति के हाथों मारी जाती हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर ग्यारवें मिनट में एक महिला या लड़की का कत्ल होता है। इनमें से औसतन हर रोज 140 महिलाओं या लड़कियों का कत्ल उनके घर के अंदर होता है।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन और लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड साउथ एफ्रिकन मेडिकल रिसर्च काउंसिल की रिपोर्ट कहती है वर्ष 2022 में दुनिया भर में कुल 48 हजार 800 महिलाओं और लड़कियों के कत्ल हुए थे और इनमें से भी 60 फीसदी से ज्यादा कत्ल पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने ही किए थे। वर्ष 2022 में ऐसे अपराधों के मामलों में अफ्रीका पहले नंबर पर था और एशिया दूसरे नंबर पर। ऐसे अपराधों में अब 2023 में एशिया पहले नंबर पर है और अफ्रीका दूसरे नंबर पर है। आंकड़ा कहता है कि पार्टनर पति या रिलेशनशिप में दुनिया भर में जितने कत्ल होते हैं, उसकी 58 फीसदी शिकार महिलाएं या लड़कियां होती हैं। लेकिन चौंकाने वाला आंकड़ा ये भी है कि इसी पार्टनर और रिलेशनशिप की वजह से 42 फीसदी पुरुषों का भी कत्ल होता है। अर्थात यह अंतर ज्यादा नहीं है। ब्रिटिश मेडिकल जनरल लेनसेट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60 फीसदी महिलाओं के कत्ल मौजूदा या फिर पूर्व पार्टनर की वजह से होती है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में महिलाओं के कत्ल का सबसे ज्यादा खतरा उन्हीं के मौजूदा या पूर्व पार्टनर से ही होता है। जबकि पूर्व या मौजूदा महिला पार्टनर के हाथों पुरुषों के कत्ल का प्रतिशत सिर्फ साढ़े 6 फीसदी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक देश में हर साल कितने पति अपनी पत्नी का या पत्नी अपने पति का कत्ल करती हैं। एनसीआरबी के 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि इश्क और रिश्तों में लोग अब जान नहीं देते बल्कि जान लेते हैं। भारत में जिन वजहों से सबसे ज्यादा कत्ल होते हैं। उनमें लव अफेयर और शादी के बाद संबंधों के मामलों में होने वाला कत्ल तीसरे और चौथे नंबर पर आता है। देश में होने वाले हर 10 में से औसतन एक कत्ल किसी ना किसी आशिक-माशूक या पति-पत्नी के हाथ से ही होता है।

आंकडों के मुताबिक पूरे देश में कुल 28 हजार 522 कत्ल के मामले सामने आए। ये तमाम कत्ल 19 अलग अलग वजहों से हुए। मसलन, निजी दुश्मनी, सांप्रदायिक और धार्मिक वजह, राजनीतिक वजह, डायन प्रथा, जातिवाद, विवाद, या लूट-डकैती। परेशान करने वाली बात यह है कि इन 19 वजहों में से तीसरी और चौथी नंबर पर कत्ल की जो वजह बनी वो इश्क, धोखा, फरेब और शादी के बाद के संबंध थे। 28 हजार 522 कत्ल के कुल मामलों में से कुल 2 हजार 821 कत्ल इसी वजह से हुए। ऐसा नहीं है कि इश्क में पहले कत्ल नहीं हुआ करते थे। पहले भी आशिकों ने हाथों में खंजर या तमंचे उठाए हैं। लेकिन 2010 के बाद से पति-पत्नी, इश्क, बेवफाई और अवैध संबंध की वजह से होने वाले कत्ल की तादाद तेजी से बढ़ी।

पिछले 15 सालों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो साफ पता चलता है कि जैसे जैसे सोशल मीडिया का चलन बढ़ा पति पत्नी के रिश्ते, शादी के बाद के संबंध और इश्क और खूनी होता चला गया। आंकड़ों के हिसाब से 2010 से 2014 के दरम्यान लव अफेयर और संबंधों की वजह से होने वाले कत्ल का प्रतिशत 7 से 8 फीसदी था। लेकिन 2015 से 2022 के दरम्यान ये बढ़कर 10 से 11 फीसदी हो गया। ये गिनती लगातार बढ़ती जा रही है। एनसीआरबी के डेटा के मुताबिक 2022 में देशभर में खुदकुशी के कुल 17 हजार 924 केस दर्ज हुए थे। जिनमें से अकेले शादी से जुड़े मामलों में 8 हजार 204 पति या पत्नी ने खुदकुशी की। जबकि इश्क के चलते 7 हजार 692 प्रेमी जोड़ों में से किसी एक ने खुदकुशी कर ली। इसके अलावा अवैध संबंधों की वजह से भी 855 लोगों ने खुदकुशी की।

एनसीआरबी के अलावा नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के एक आंकड़े के मुताबिक 4 फीसदी शादीशुदा महिलाओं ने ये माना है कि वो अपने पति को शारिरिक तौर पर चोट पहुंचाती है। इसी तरह स्टडी ऑफ इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंस (आईआईपीएस) की एक रिपोर्ट के मुताबिक नौकरीपेशा महिलाएं जो पैसे कमाती हैं और मोबाइल का इस्तेमाल करती हैं, अपने पति से ज्यादा झगड़ती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं की जैसे जैसे उम्र बढती जाती है वो अपने पति से ज्यादा झगडने लगती हैं। जबकि पति के मामले में ये उल्टा है। पति की उम्र जैसे जैस बढ़ती है वो बीवियों से झगड़ा कम करने लगते हैं। आईआईपीएस की ये रिपोर्ट ये भी कहती है कि एकल परिवार में पति पत्नी के बीच हिंसक लड़ाई ज्यादा होती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर एक हजार पति में से 29 पति अपनी पत्नियों की हिंसा का शिकार होते हैं। जबकि एकल परिवार में यही आंकड़ा पत्नियों के लिए हर एक हजार में 32 है। वैसे पति पत्नी से जुड़े दर्ज कत्ल के मामलों के एक आंकड़े के मुताबिक 2022 में देशभर में पत्नी के हाथों पति के 220 कत्ल के मामले सामने आए थे। इसी दौरान पति के हाथों पत्नी के कत्ल के 270 से ज्यादा मामले सामने आए। फिलहाल 2025 की तो अभी शुरुआत है। वर्ष 2024 का आंकड़ा एनसीआरबी ने अभी जारी नहीं किया है। लेकिन रिपोर्ट होने वाले आंकड़े डरावने हैं और इन्हीं आंकड़ों को सच करके जब मुस्कान, साहिल, प्रगति, राकेश रौशन ना जाने ऐसे कितने ही नाम और ऐसी कितनी ही तस्वीरें सामने आती हैं तो अहसास करा जाती हैं कि अब मुहब्बत उस अहसास का नाम नहीं रहा जो कभी हर दिल में रहा करता था। सवाल यही है कि आखिर हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है। क्या तरक्की और स्वतंत्रता का यही पैमाना है? सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों का क्षरण का सिलसिला आखिर कहां जाकर थमेगा। इस बारे में गहन-चिंतन मनन की जरूरत है।

# कांग्रेस संक्रमण के दौर से गुजर रही

**कांग्रेस बिना ठोस विचारों के है। संक्रमण के दौर से गुजर रही है। राहुल गांधी नए प्रयोग कर रहे हैं। कर्नाटक के दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को अध्यक्ष बनाने और जाति गणना करा कर आरक्षण बढ़ाने का गुरुमंत्र मिलने के बाद से राहुल गांधी पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक के नए चैंपियन के तौर पर उभरे हैं। वे पिछले करीब दो साल से जाति गणना कराने और आरक्षण बढ़ाने की रट लगाए हुए हैं।**



कांग्रेस के नेता दो दिन के अधिवेशन के लिए गुजरात में इकट्ठा हुए तो मंथन का एक बड़ा विषय यह था। लेकिन यह इकलौता मुद्दा नहीं है, जिस पर कांग्रेस संक्रमण के दौर में है या किसी वजह से संशय में है। अगड़ा बनाम पिछड़ा, दलित, आदिवासी का मुद्दा है तो नए बनाम पुराने का भी है और पूंजीवाद बनाम पूंजीपतियों के विरोध का भी है।

जहां तक नए और पुराने का मामला है तो करीब 20 साल के संघर्ष के बाद राहुल गांधी इस पहेली को सुलझाते लग रहे हैं। पार्टी के अंदर पुराने नेताओं का वर्चस्व अब लगभग खत्म हो गया है। एकाध राज्यों में जरूर पुराने क्षत्रप हैं, जो अपना खूंटा थामे हए हैं लेकिन उनका खूंटा उखड़ना भी वक्त की बात है। राहुल गांधी ने सबसे 2009 की सरकार बनने के समय इस संघर्ष को खत्म करने का बड़ा दांव चला था।

लेकिन उन्होंने जिन नए नेताओं पर दांव लगाया उनमें से ज्यादातर कांग्रेस पार्टी छोड़ कर भाजपा में चले गए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस के अंदर नए और पुराने का विवाद काफी समय पहले सेटल हो गया होता। देर से ही सही लेकिन अब जाकर कांग्रेस की कमान पूरी तरह से राहुल के हाथ में आ गई है।

वे अपने हिसाब से नेताओं को केंद्रीय और प्रदेशों के संगठन में जगह दे रहे हैं। इस बार उनके चुने हुए नेता सहीं है या गलत, मजबूत हैं या कमजोर इसका पता बाद में चलेगा। समय बताएगा कि उनका चयन कितना सही है। उसके गुणदोष में गए बगैर कह सकते हैं कि कांग्रेस में नए और पुराने का विवाद काफी हद तक सुलझ गया है और अहमदाबाद अधिवेशन में यह साफ साफ दिखा।

अहमदाबाद के अधिवेशन में राहुल गांधी ने आरक्षण और पिछड़ा, दलित, आदिवासी राजनीति को कांग्रेस के केंद्रीय राजनीति के तौर पर स्थापित किया। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में कहा कि कांग्रेस दलितों, सवर्णों और अल्पसंख्यकों की राजनीति करती रही और इस बीच पिछड़ों ने उसे छोड़ दिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पिछड़ों का ध्यान नहीं रखा तो पिछड़ों ने भी उसे छोड़ दिया। अब कांग्रेस को पिछड़ी जातियों को साथ लेकर चलना है। राहुल गांधी ने कांग्रेस अधिवेशन में तीन प्रस्ताव मंजूर कराए। कांग्रेस ने एक प्रस्ताव में यह तय किया कि वह आरक्षण की सीमा को 50 फीसदी से बढ़ाएगी। आबादी के अनुपात में आरक्षण का प्रावधान किया जाएगा। कांग्रेस के दूसरे प्रस्ताव में कहा गया कि एससी और एसटी के वर्गीकरण को कांग्रेस मंजूर कराएगी और इन वर्गों में आबादी के अनुपात में आरक्षण बांटेंगी।

तीसरा प्रस्ताव निजी विश्वविद्यालयों में आरक्षण की मंजूरी का है। कांग्रेस ने यह प्रस्ताव मंजूर किया तो कई लोग यह कहने वाले आ गए कि कांग्रेस सीधे निजी सेक्टर में आरक्षण क्यों नहीं मांग रही है, जो सिर्फ निजी विश्वविद्यालयों के दाखिले में आरक्षण की मांग कर रही है। आरक्षण को लेकर कांग्रेस के ये तीन प्रस्ताव उसे बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा की समाजवादी पार्टियों के समकक्ष खड़ा करती हैं।

कांग्रेस की एक स्थायी दुविधा इस बात को लेकर रही है कि कारोबार, उद्यमी और पूंजीपति को लेकर क्या रुख रखा जाए। नेहरू की मिश्रित अर्थव्यवस्था से निकाल कर पीवी नरसिंह राव ने देश को उदार अर्थव्यवस्था के रास्ते पर डाला। इससे देश की आर्थिक तस्वीर पूरी तरह से बदली और भारत गरीबी के स्थायी दुष्चक्र से निकल कर वैश्विक व्यवस्था का हिस्सा बना।

लेकिन कांग्रेस की दुविधा खत्म नहीं हुई। उसने उद्योग और कारोबार को बढ़ावा देकर अमीरी बढ़ाने, जीडीपी बढ़ाने और गरीबी मिटाने की बजाय अधिकार आधारित नीतियों पर ज्यादा ध्यान दिया। मनमोहन सिंह की 10 साल की सरकार ने आम लोगों को कई अधिकार दिए या अधिकार देने वाले कानून बनाए।

इसी में राहुल गांधी दो कदम और आगे बढ़ गए। उन्होंने अडानी और अंबानी का विरोध शुरू किया लेकिन बाद में लगने लगा कि वे कारोबार, उद्योग का ही विरोध कर रहे हैं। इसका विरोधाभास कई बार ऐसे दिखा कि वे अंबानी, अडानी का विरोध करते रहे और राजस्थान से लेकर तेलंगाना तक उनकी सरकार के मुख्यमंत्री अडानी के साथ निवेश की संधिया करते रहे। कांग्रेस को अपनी यह दुविधा भी दूर करनी है।

## मुद्दों का सौहार्दपूर्ण समाधान

**भारत और श्रीलंका ने पहली बार सैन्य क्षेत्र में गहन सहयोग के लिए ढांचे को संस्थागत बनाने के संबंध में रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। कोलंबो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने कुल सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। मोदी-दिसानायके वार्ता में 10 से ज्यादा ठोस परिणाम निकले और सबसे महत्त्वपूर्ण तो यह कि दोनों देश सैन्य क्षेत्र में गहन सहयोग को राजी हुए हैं।**

बेशक, यह फैसला दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इसलिए भी कि यह समझौता श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षा सेना के हस्तक्षेप के करीब 35 साल बाद हुआ है। भारत के लिए मोदी का श्रीलंका दौरा इसलिए भी सफल कहा जा सकता है कि दिसानायके ने प्रधानमंत्री मोदी को आासन दिया है कि श्रीलंका अपने भूभाग का इस्तेमाल किसी भी तरह से भारत के सुरक्षा हितों के प्रतिकूल कदमों के लिए नहीं होने देगा।

जब-जब पड़ोसी चीन श्रीलंका के साथ दोस्ताना होता है, तब-तब भारत की पेशानी पर चिंता की लकीरें उभरने लगती हैं। लेकिन अब श्रीलंका से स्पष्ट आासन मिलने से भारत को बड़ी राहत का अहसास हुआ है। दरअसल, दोनों पड़ोसी देशों बीच ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और आत्मीयता से भरे संबंध रहे हैं, दोनों देशों की साझा बौद्ध विरासत है, दोनों की सुरक्षा एक दूसरे से जुड़ी हुई है, और दोनों परस्पर निर्भर कहे जा सकते हैं। दिसानायके इस बात से वाकिफ हैं।

संभवत: यही कारण रहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। मोदी को भी उन्होंने अपना पहला विदेशी मेहमान बनाया और उन्हें श्रीलंका के सर्वोच्च सम्मान ‘मित्र विभूषण’ से भी नवाजा। भारत भी श्रीलंका की मित्रता को खासा तवज्जो देता है, और इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी का यह चौथा श्रीलंका दौरा था।

चाहे 2019 का आतंकवादी हमला हो, कोविड महामारी हो या हाल में आया आर्थिक संकट हो, हर कठिन परिस्थिति में भारत ने श्रीलंका की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है। श्रीलंका हमारी ‘पड़ोसी पहले’ नीति और ‘महासागर’ दृष्टिकोण से भी हमारे लिए विशेष स्थान रखता है। अलबत्ता, श्रीलंका में तमिलों की आकांक्षाओं और भारतीय मछुआरों के श्रीलंका के जल क्षेत्र में पकड़े जाने जैसे विवादास्पद मुद्दे हैं। उम्मीद है कि इन मुद्दों का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने में भी दोनों पड़ोसी देश सफल होंगे।

हरिशंकर व्यास

# वार्ता के बहाने संघर्ष विराम

**उग्र वामपंथी यानी माओवादियों संगठनों के बहुत बुरे दिन है। केंद्र सरकार ने ऐलान किया है कि अगले साल मार्च तक पूरे देश से नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के बस्तर और दंतेवाड़ा में यह बात कई बार कही है। उनके इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सुरक्षा बल कार्रवाई भी कर रहे हैं।**

‘ऑपरेशन कगार’ चल रहा है, जिसके तहत लगातार नक्सली मारे जा रहे हैं। तभी पिछले दिनों प्रतिबंधित संगठन सीपीआई माओवादी की ओर से शांति वार्ता का प्रस्ताव दिया गया। सीपीआई माओवादी के प्रवक्ता अभय की ओर से दो अप्रैल 2025 को एक चिट्ठी जारी की गई, जिसमें कहा गया कि पिछले कुछ समय में संगठन को चार से ज्यादा सदस्य मारे जा चुके हैं। सरकार का जैसे अभियान चल रहा है उसमें ज्यादा समय तक टिके रहना संभव नहीं दिख रहा है।

संगठन को जो वैचारिक समर्थन बौद्धिक जमात से मिलता था वह लगभग बंद हो चुका है। केंद्र सरकार ने किसी न किसी बहाने ऐसे बौद्धिकों को अरबन नक्सल बता कर उन पर कार्रवाई की। उन्हें गिरफ्तार करके जेल में डाला। सो, बाहर से मिलने वाला बौद्धिक, वैचारिक और नैतिक समर्थन की कड़ियां टूट गई हैं। अब जमीन पर लड़ाई में भी सुरक्षा बल नक्सलियों को समाप्त कर रहे हैं। तभी सशर्त वार्ता की पहल की गई।


लेकिन सरकार अभी न तो नक्सल प्रभावित इलाकों से सुरक्षा बलों को हटाने जा रही है और न युद्धविराम करने जा रही है। क्योंकि पिछले अनुभवों से सरकार को पता है कि वार्ता के बहाने संघर्षविराम करा कर नक्सल संगठन अपनी ताकत इकट्ठा करते हैं। पहले जितनी बार वार्ता हुई उनमें कोई कामयाबी नहीं मिली। याद करें ऐसे ही 1999 से 2004 के बीच चंद्रबाबू नायडू की ग्रेहाउंड्स टीम ने नक्सलियों पर कार्रवाई की थी तो उन्होंने वार्ता की पेशकश की और कई दिन तक वार्ता की तैयारी हुई। कई दिन तक वार्ता होती भी रही लेकिन कोई रास्ता नहीं निकला।

देश की सबसे पुरानी कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई को अपना अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कहीं डीएमके, कहीं राजद, कहीं जेएमएम, कहीं कांग्रेस, कहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस की मदद से पार्टी का लोकसभा और विधानसभाओं में खाता खुल जा रहा है। उसकी स्थिति क्षेत्रीय पार्टियों से भी खराब है।

तभी उस पर दबाव है कि वह अपना विलय सीपीएम के साथ कर दे। पिछले दिनों प्रकाश करात ने सभी कम्युनिस्ट पार्टियों के साथ आने की अपील की थी। सीपीआई की दुविधा अकेले रहने, गठबंधन में लड़ने या विलय कर देने की है। सीपीआई की ताकत जितनी कम हो गई है उसमें पार्टी चलाना भी मुश्किल है। बहरहाल, इस बार बिहार में वह अकेले लड़ने का दांव चल रही है या इसका हल्ला मचा कर कुछ ज्यादा सीटें हासिल करना चाह रही है।

ध्यान रहे बिहार में सीपीआई माले के 12 विधायक हैं और सीपीआई और सीपीएम के दो दो विधायक हैं। पुरानी ताकत सीपीआई की ही रही है। लेकिन अब वह पूरी तरह से दूसरी पार्टियों पर निर्भर हो गई है।

**( ये लेखक के विचार हैं )**







ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएँ
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

श्रीकंचनपथ
भिलाई-दुर्ग

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110





## खास खबर

### आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

**दुर्ग।** नगर निगम के आयुक्त सुमित अग्रवाल ने 26 एवं 27 दो वार्डों में साफ-सफाई व्यवस्था का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।इस निरीक्षण में उन्होंने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही, उन्होंने नागरिकों से भी फीडबैक लिया और उनसे सुझाव मांगे। निरीक्षण के दौरान, आयुक्त ने पाया कि सड़को व नालियों में सफाई व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता थी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए और सफाई व्यवस्था को और भी सुधारा जाए.उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखें और कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें.आयुक्त सुमित अग्रवाल ने यह भी कहा कि नगर निगम को स्वच्छता और सफाई के लिए नागरिकों का सहयोग चाहिए और वे सभी मिलकर एक स्वच्छ शहर बना सकते हैं। आयुक्त ने सड़कों के किनारे व बाजार क्षेत्रो में निरंतर विशेष सफाई के लिए दोनों पालियों में सफाई के निर्देश दिए.नगर आयुक्त के द्वारा वार्डों के भीतर की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण में वार्ड 26 व 27 सड़कों एवं नालियों के सफाई का जायजा लेते हुए गलियों की सफाई एवं नालियों के मरम्मत का निर्देश दिया गया। इस क्रम में निगम के कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी, हरिशंकर साहू, परमेश्वर,शशि यादव,ईश्वर साहू,गौतम,विनीत वर्मा, राजू सिंह सहित अन्य मौजूद रहें।

### महिलाओं में पोषण जागरूकता को लेकर दिखा उत्साह

**दुर्ग।** दुर्ग शहरी परियोजना अंतर्गत परिक्षेत्र वार्ड क्रमांक 1 नया पारा अंतर्गत के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों मे पोषण पखवाड़ा अंतर्गत पोषण एवं स्वास्थ्य सम्बधी जागरूकता कर्यक्रम आयोजित किये गए नयापारा मे कार्यक्रम मे वार्ड पार्षद मनीष साहू की उपस्थिति में प्रतिभागियों को महिलाओ एवं बच्चों के स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन के भोजन मे आवश्यक पोषण समग्रीयों के विषय मे बताया गया की बच्चों के पोषण का ध्यान महिलाओ के गर्भावस्था से ही शुरू करना चाहिए व महिलाओ मे खून की कमी को अपने क्षेत्र मे आसानी से उपलब्ध होने वाली खाद्य समग्रीयों के उचित उपयोग से दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम के बाद जन जागरूकता हेतु रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को उचित पोषण, स्तनपान, और नवजात शिशु की देखभाल के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को उचित खानपान व स्तनपान के विषय में जानकारी दी। इसके अंतर्गत उन्होंने महिलाओं को तिरंगा भोजन थाली का महत्व, आयरन और कैल्शियम की दवा का नियमित सेवन, फल, सब्जियां, भाजियों का उपयोग के बारे में बताया।

# भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर जिले में हुआ डिजिटल क्रांति का आगाज

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर जिला पंचायत दुर्ग के सभा कक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ललित चंद्राकर, विधायक डोमनलाल कोरसेवाड़ा, कलेक्टर अभिजीत सिंह, जनपद पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इसके पश्चात कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से अटल डिजिटल सेवा केंद्रों का शुभारंभ किया गया। प्रत्येक जनपद से चयनित 10 ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के अधिकृत ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। डिजिटल सुविधा केंद्र का उद्देश्य ग्राम पंचायत कार्यालयों को डिजिटल सेवा केंद्र के रूप में विकसित करना है, जहाँ ग्रामीणों को बैकिंग, सरकारी प्रमाण पत्र (जाति, आय, निवास), पीएम किसान, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम पंजीयन जैसी सेवाएँ निःशुल्क या निर्धारित दर पर मिल सकेंगी।

पंचायतों को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के अधिकृत ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) के लिए उचित बैठक की समुचित व्यवस्था, बिजली कनेक्शन और अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करानी होगी। साथ ही ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) की गतिविधियों की निगरानी की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत को दी गई है। किसी भी प्रकार की अनियमितता या अतिरिक्त शुल्क वसूली पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) के अंतर्गत कार्यरत पंचायत एंबेसडरों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। साथ ही जिन पंचायतों में एंबेसडर नियुक्त नहीं थे, वहाँ गोलू चंद्राकर (पाटन मंडल) एवं शिवा निषाद (अंजोरा मंडल) को नया पंचायत एंबेसडर (आवास साथी) नियुक्त किया गया।

15 से 30 अप्रैल तक चलने वाले मोर द्वार साय सरकार विशेष पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) योजना के हितग्राहियों को प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही भू-जल स्तर को लेकर लोगों को जागरूक किया गया और वाटर हार्वेस्टिंग हेतु संकल्प भी दिलाया गया। यह आयोजन ग्राम पंचायतों में डिजिटल क्रांति की दिशा में एक अहम कदम साबित होगा, जिससे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं तक सीधा, सरल व पारदर्शी पहुँच मिल सकेगी।

इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्लस 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक 'मोर दुआर-साय सरकार' महाअभियान के अंतर्गत विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन शुरू किया गया है। इस पखवाड़ा का उद्देश्य स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं पूर्व की आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान कर उन्हें योजना का लाभ देना है।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जानकारी दी कि इस अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तर पर मुनादी, दीवार लेखन, पोस्टर, पंपलेट, सोशल मीडिया प्रचार सहित मोर आवास -मोर अधिकार थीम पर आधारित निबंध, रंगोली, चित्रकला, गीत व स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। अभियान का दूसरा चरण 20 से 28 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें ग्राम नोडल अधिकारी व सर्वेक्षक द्वारा घर-घर जाकर पात्र परिवारों का सर्वेक्षण किया जाएगा। तत्पश्चात 29 व 30 अप्रैल को सर्वेक्षण पूर्णता प्रमाण पत्र तैयार कर जिला कार्यालय को भेजा जाएगा।

## डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व श्रद्धासुमन अर्पित कर किया याद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत। कलेक्टरेट परिसर में स्थित डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव,महापौर श्रीमति अलका बाघमार,सभापति श्याम शर्मा, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक,एमआईसी सदस्यगण,पार्षदगण एवं भाजपा सहित परिवारजन उपस्थित रहे। विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती पर कलेक्ट्रेट परिसर के पास स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब ने हमें संविधान के माध्यम से वास्तविक आजादी दिलाई।बाबा साहेब ने सामाजिक रूढ़ियों को समाप्त करते हुए महिला, दलित व वंचित वर्ग के उत्थान के साथ समानता का अधिकार दिया। वे



एक न्यायविद, अर्थशास्त्री और समाज सुधारक थे। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा कि देश के हर नागरिक के लिए सम-विधान का निर्माण करने वाले अंबेडकर का जीवन एवं संघर्ष अपने आप में एक शिक्षा है।उन्होंने ये भी कहा कि हमें बाबा साहेब के विचारों को अपनाते हुए समानता व भाईचारे की भावना को कायम रखना है। जिन्होंने भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति का नेतृत्व किया और स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री के रूप में कार्य किया।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की 134 वी जयंती मनाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भारत रत्न ,भारत के वीर सपूत संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर बाबा साहेब जी की 134 वी जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसा नगर द्वारा कृष्णा नगर में स्थापित मंदिर बाबा साहेब की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर माल्या अर्पण किया ।

बाबा साहेब अमर रहे अमर रहे का नारे की गूंज सभी ओर से आई, बाबा साहेब द्वारा भारत के।संविधान निर्माण योगदान की याद किया गया उनके द्वारा दलित शोषित, अल्पसंख्यक समाज के



उत्थान एवं विकास में महत्पूर्ण योगदान को अतिथियों ने जानकारी दिया । ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसा नगर भिलाई के सभी पदाधिकारियों ने बाबा साहेब की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कार्यों को याद किया गया ।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसा नगर के अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप और बोधिसत्व समाज कल्याण समिति कृष्णा नगर भिलाई के अध्यक्ष भीमराव मेश्राम उपस्थित हुए । भारत रत्न ,दलितों के।मसीहा ,संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेकर जी बाबा साहेब की जयंती पर नंदकुमार कश्यप ने कहा कि भारत के लोकतंत्र की रक्षा करने के साथ समाज केअल्पसंख्यक वर्ग,गरीब वर्ग , शोषित वर्गों के कल्याण के लिए बाबा साहेब के योगदान को भारत सदा ऋणी रहेगा। कार्यकारी अध्यक्ष मो रफीक और आनंद डोंगरे कार्यक्रम में शामिल होकर समाज के लोगों को जयंती पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में निगम के पूर्व एल्डरमैन नरसिंग नाथ ,वार्ड छाया पार्षद राजेंद्र महिलांग,युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष शोयब मो खान ,अशोक रामटेके,प्रकाश वासनिक,सीएल मेश्राम, एन डी नागवंशी, इस्माईल खान ,दिनेश वासनिक, कविता खरपड़े नामेश्वरी सोनपिपरे,प्रीति श्रीरंगे,अलका मेश्राम, कांता गजभिए,सहित समाज के सैकड़ों जन कांग्रेस के साथी बाबा साहेब की जयंती पर शामिल होकर उन्हें पुष्प सुमन भेंट किया ।

## पुरुषों के खिलाफ महिलाओं द्वारा कानून के दुरुपयोग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर में होगा सत्याग्रह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पुरुषों के खिलाफ महिलाओं द्वारा कानून के दुरुपयोग तथा इस वजह से बढ़ रही आत्महत्याओं के खिलाफनईदिल्ली के जंतर मंतर में सत्याग्रह होगा। 40 से अधिक एनजीओ के समूह सेव इंडियन फैमिली मूवमेंट द्वारा 19 अप्रैल, 2025 को दिल्ली के जंतर मंतर पर सत्याग्रह फॉर मेन का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में सोमवार को प्रेसवार्ता के जरिए मेन्स राईट्स एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ के सदस्यों ने जानकारी दी। हम इस प्रेसवार्ता के जरिए लोगों से आग्रह करते हैं कि, वे जंतर मंतर, दिल्ली पर बड़ी संख्या में एकत्र होकर लिंग समानता (जेंडर न्यूट्रल) की भावना को समर्थन दें। मेन्स राईट्स एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ पुरुष अधिकारों




के लिए, महिलाओं के लिए बने कानूनों के दुरुपयोग के विरुद्ध तथा पुरुष आयोग की मांग एवं पुरुषों के स्वास्थ्य व पुरुषों के बढ़ते आत्महत्या दर जैसे गंभीर विषय, कानून के दुरुपयोग को आवश्यक रूप से दंडनीय बनाने एवं लैंगिक भेदभाव वाले कानून में संसोशन करके जेंडर न्यूट्रल बनाये जाने की कार्य योजना पर निरंतर कार्य करती रही है। कानून के दुरूपयोग के कारण अतुल सुभाष, पुनीत खुराना और मानव शर्मा एवं अन्य की आत्महत्याओं के हालिया मामलों ने देश को हिला दिया है। इन दुखद घटनाओं ने वैवाहिक अशांति और भारत में बने लैंगिक पक्षपाती कानूनों के दुरुपयोग के बढ़ते मुद्दे को उजागर किया है। मेन्स राईट्स एसोसिएशन के सदस्यों ने प्रेसवार्ता में बताया कि ऐसे ही वैवाहिक सम्बन्धों में पतियों की जिस तरह से वीभत्स एवं निर्मम हत्या दिन प्रतिदिन सुनने में आ रही है, यह भी अत्यंत चिंतनीय विषय है।

मेरठ में सौरभ के नृशंस हत्या का मामला, जिसमें उसकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी ने सौरभ के शरीर को टुकड़े टुकड़े कर उसे ड्रम में डालकर उस पर सीमेंट भर दिया था, औरैया में पत्नी प्रगति यादव द्वारा शादी के मात्र 14 दिन में ही पति की हत्या सुपारी देकर करवायी, रेलवे की सरकारी नौकरी प्राप्त करने के लिए पत्नी शिवानी द्वारा पति दीपक की हत्या करना और अभी छत्तीसगढ़ के सरजुगा में अपने बेटी के ही सामने मेहरून निशा ने अपने पति मोहम्मद उम्मत की हत्या कर दी। ऐसे मामले आये दिन आ रहें है एवं उसके रोकथाम के लिए सरकारों द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

मेन्स राईट्स एसोसिएशन करा कहना है कि कानूनों का दुरुपयोग, विशेष रूप से दहेज, छेड़?छाड़ एवं बलात्कार जैसे झूठे प्रकरण महत्वपूर्ण चिंता के विषय बन गयें है। बदला लेने या जबरन वसूली के साधन के रूप में अक्सर झूठे मामले दर्ज किए जाते हैं, जिससे पुरुष असहाय महसूस करते हैं और उनके पास कोई सुरक्षा नहीं होती। भारत में पुरुष आत्महत्याओं की बढ़ती संख्या चौंकाने वाली है, जिसमें पारिवारिक और घरेलू समस्याएं प्रमुख कारण हैं। हर 4.5 मिनट में, देश में एक पुरुष आत्महत्या कर लेता है ।

## संयंत्र बिरादरी ने डॉ. अम्बेडकर को अर्पित किए श्रद्धासुमन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के औद्योगिक संबंध विभाग एवं बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 14 अप्रैल 2025 को इस्पात नगरी के महात्मा गांधी कलामंदिर सभागार में अंबेडकर जयंती समारोह आयोजित किया गया। समारोह के पूर्व भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कार्यपालक निदेषकगण तथा ऑफिसर्स एसोसिएशन व बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सेक्टर-6 स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर भवन, हायर सेकंडरी स्कूल के प्रांगण में डॉ बी आर अंबेडकर की प्रतिमा को पुष्पांजलि देकर इस्पात बिरादरी की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

महात्मा गांधी कलामंदिर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेषक पवन कुमार




उपस्थित थे। साथ ही विशेष अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेषक बिपिन कुमार गिरी, कार्यपालक निदेषक डॉ एम रवींद्रनाथ, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक एस के सोनी, महाप्रबंधक जे एन ठाकुर, महाप्रबंधक विकास चन्द्रा, लाइज़न ऑफिसर एवं सहायक महाप्रबंधक रोहित हरित, सेफी चेयरमैन और ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एन के बंछोर, बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष व सेल एससी/एसटी एम्पलाईज फेडरेषन, नई दिल्ली के उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद और बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी एसोसिएशन के महासचिव विजय कुमार रात्रे उपस्थित थे। परम्परागत रूप से उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर व डॉ अंबेडकर की तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि श्री पवन कुमार ने डॉ भीमराव जी का स्मरण करते हुए कहा कि हम बाबासाहब को सिर्फ एक दलित नेता या संविधान निर्माता के तौर पर ही न सीमित करें, बल्कि समग्र भारतीय समाज के प्रति उनके बहुयामी योगदान को भी स्मरण करें। जिसमें श्रमिकों एवं कामगारों और हमारी ही तरह असंख्य संयंत्रकर्मियों के कल्याण हेतु कार्यक्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण श्रमिक अधिनियम जिनमें वेतन, कार्य की अवधि, भत्ते, मातृत्व लाभ आदि जैसे कानूनों को लागू करने पर भी बाबासाहब का अतुलनीय योगदान रहा है।

वे सदा ही महिलाओं के हक के प्रति प्रचण्ड रूप से कार्यरत रहे, आज जो हिन्दु कोड बिल से महिलाओं को सम्पत्ति में उत्तराधिकार प्राप्त हुआ है वह भी बाबासाहब की ही देन है। बहुजन समाज को प्रेरित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि हम आरक्षण का लाभ लेते हुए सिर्फ एक सरकारी नौकरी हेतु ही स्वयं को सीमित न रखें, बल्कि सफल एंटरप्रेन्योर के रूप में सफलता अर्जित करें। पवन कुमार ने कहा कि मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि बाबासाहब के व्यक्तित्व, उनकी विचारधारा व उनके सच्चे दर्षन को जानने के लिए हम उन पर लिखी गई व उनके द्वारा लिखे गए पुस्तकों का अवलम्बन लें, न कि वाट्सएप आदि प्लेटफार्म पर प्राप्त सुनी-सुनाई बातों का।

बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष व सेल एससी/एसटी एम्पलाईज फेडरेषन, नई दिल्ली के उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद ने बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर के विलक्षण व्यक्तित्व व उनके विचारों पर प्रकाष डालते हुए कहा कि बाबासाहब के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके दिखाए गए मार्ग पर चलें व उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों का पालन करते हुए एक सच्चा एवं ईमानदार जीवन व्यतीत करें, तभी हम भारत को उसकी ऊंचाई तक ले जा सकेंगे और उसे ऐसी समृद्धि देने में सफल होंगे।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...




### रायपुर में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया

**रायपुर।** राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस पर विभाग के कर्मचारियों ने रायपुर में रैली निकाली। इस दौरान लोगों को टोल फ्री नंबर के बारे में अवगत कराते हुए आगजनी की घटना की सूचना तुरंत देने की अपील की। राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस हर साल 14 अप्रैल को उन सभी बहादुर अग्निशमन कर्मियों की याद में मनाया जाता है। जिनकी वर्ष 1944 में मुंबई डाक याड में एक हवाई जहाज के विस्फोट के दौरान शहादत हो गयी. इस कार्ड में अग्निशमन के 66 पदाधिकारी एवं कर्मियों ने अपनी जान गंवा दी थी और करोड़ों कि क्षति हुई थी. इसकी यादगार में हर साल 14 -20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है।

### भीषण गर्मी में पक्षियों की मदद के लिए मनोहरा में मिल रहे निःशुल्क मिट्टी के पात्र

**रायपुर।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच बेजुबान पक्षियों के लिए राहत भरी खबर है। मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन (पदम डाकलिया) ने एक सराहनीय पहल करते हुए पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था को लेकर मुफ्त मिट्टी के पात्र वितरित करने की शुरुआत की है। हर साल की तरह इस बार भी मनोहर गौशाला द्वारा पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था का अभियान चलाया जा रहा है।

मिट्टी के यह पात्र राजधानी स्थित मनोहरा साड़ी शॉप क्रमांक-2, क्लाथ मार्केट पंडरी, और मनोहर गौशाला, धरमपुरा रोड, खैरागढ़ में निशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जहां एक ओर इंसानों के लिए जगह-जगह प्याऊ और पानी की सुविधा उपलब्ध होती है, वहीं पशु-पक्षियों को अब भी पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में इस अभियान के जरिए लोगों से अपील की गई है कि वे इन पात्रों को अपने घर या आसपास रखें और नियमित रूप से उसमें पानी भरकर पक्षियों की प्यास बुझाने में योगदान दें। इस पहल का मकसद सिर्फ राहत देना नहीं, बल्कि लोगों को भी इस जिम्मेदारी का एहसास कराना है कि प्रकृति और उसके जीवों के प्रति हमारा भी फर्ज बनता है।

### सभापति ने जियो हाईड्रोलॉजिस्ट से रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर की चर्चा

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने नगर निगम जोन 2 जोन कार्यालय के अध्यक्ष कक्ष में नगर के पंजीकृत जियो हाईड्रोलाजिस्ट को बुलवाकर उनसे रायपुर शहर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य तेजी से करने आवश्यक चर्चा कर सुझाव मांगे। सभापति राठौड़ के साथ जियो हाईड्रोलॉजिस्ट विपिन दुबे, के पाणीग्रही, डीपी वर्मा, रंजीत डे,राधारमन नायक, भूपेन्द्र पटेल ने चर्चा करते हुए शहर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर सुझाव दिए। जियो हाईड्रोलॉजिस्ट ने निगम सभापति को सुझाव दिया है कि नगर निगम रायपुर के माध्यम से रायपुर शहर क्षेत्र के सभी बोरवेल के समीप शीघ्र रेन वाटर हार्वेस्टिंग पीट बनाने आवश्यक पहल और कार्यवाही प्राथमिकता से की जानी चाहिए, ताकि भू जल स्तर शहर में जनहित में बढ़ सके। नगर के तालाबों का संरक्षण और अन्य स्त्रोतों से जलसंचय का अभियान चलाने का सुझाव दिया है। वहीं रायपुर शहर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवहारिक आवश्यकता की जन - जन को जानकारी देने लगातार इस विषय रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर नगर निगम रायपुर के माध्यम से समाजहित में जलसंरक्षण को दृष्टिगत रखकर जनजागरूकता लाने कार्यशालायें रखी जानी चाहिए।

# रावतपुरा कॉलेज में साइबर सुरक्षा और साइबर क्राइम पर हुई कार्यशाला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय, रायपुर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग द्वारा साइबर सुरक्षा और साइबर क्राइम पर जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों और कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के उपायों से परिचित कराना था। कार्यशाला में सिविल लाइन्स थाना प्रभारी रोहित मालेकर एवं एनआईटी रायपुर से डॉ. तीरथ प्रसाद साहू, एसोसिएट प्रोफेसर बतौर रिसोर्स पर्सन उपस्थित रहे।



इस अवसर पर प्रो-चांसलर एसएस बजाज, कुलपति प्रो. एसके सिंह एवं फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरआरएल बिराली जैसे विशिष्ट अतिथियों ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं राज्य गीत से हुई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. एसके सिंह ने कहा, साइबर क्राइम तेजी से कई रूपों में विकसित हो रहा है। इसे रोकने के लिए तकनीकी जागरूकता और सतर्कता सबसे बेहतर उपाय हैं। प्रति-कुलाधिपति एसएस बजाज ने साइबर क्राइम से जुड़े अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को सतर्क और सजग रहने की सलाह दी। मालेकर ने अपने मुख्य वक्तव्य में कहा, साइबर सुरक्षा केवल एक तकनीकी विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। युवाओं को डिजिटल नैतिकता को अपनाना चाहिए। डॉ. साहू ने अपने तकनीकी सत्र में फिशिंग, डेटा चोरी, पासवर्ड सुरक्षा, सोशल मीडिया में सावधानियाँ और एथिकल हैकिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

कार्यक्रम के अंत में कार्यशाला समन्वयक प्रो. मिथीलेश सिंह ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञों और प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल ज्ञानवर्धक होते हैं, बल्कि विद्यार्थियों को समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों का भी बोध कराते हैं। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत सूचनाप्रद, व्यावहारिक और प्रेरणादायी सिद्ध हुई, जिसे उन्होंने एक समयानुकूल और मूल्यवान पहल के रूप में सराहा।

# ग्रामीण विकास और जल संरक्षण को बढ़ावा: बृजमोहन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस हॉल में सामाजिक समरसता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रायपुर समेत अन्य जिलों से जुड़े और सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों को सामाजिक समरसता दिवस और अंबेडकर जयंती की बधाई देते हुए ग्राम पंचायत भवनों को सुसज्जित करने तथा ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं देने की घोषणा की। उन्होंने प्रदेशभर में वाटर हार्वेस्टिंग शुरू करने और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के दायरे को बढ़ाने के लिए शीघ्र सर्वेक्षण कराने की निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सामाजिक समरसता दिवस पर प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण अंतर्गत 'मोर दुआर, साय सरकार महाअभियान' के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा, उन्होंने सभी पात्र परिवारों से सर्वे में शामिल




होने की अपील की। वीडियो कॉन्फरेंसिंग के माध्यम से ही कार्यक्रम से जुड़े उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल स्तर बढ़ाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (स्हक्क) साझा की।

रायपुर जिले के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की शुरुआत करते हुए बताया कि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ और डीबीटी के माध्यम से नकद आहरण की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्र' की शुरुआत की जाएगी। इसका औपचारिक शुभारंभ 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस पर होगा। इस अवसर पर आज श्री अग्रवाल की उपस्थिति में प्रत्येक जनपद पंचायत के 10 ग्राम पंचायतों के सरपंच और वीएलई के बीच स्ब्ष पर हस्ताक्षर किए गए। श्री अग्रवाल ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष तक इसे सभी गांवों में पहुंचा दिया जाएगा।

सांसद श्री अग्रवाल ने पेयजल की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में तालाबों को भरने, एनीकट की स्थिति जांचने, और सूखे ट्यूबवेलों को दुरुस्त करने या पाइपलाइन बिछाने की योजना बनाई जानी चाहिए। उन्होंने अवैध ट्यूबवेलों को बंद करने और तालाबों के गहरीकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने सुझाव दिया कि लाइमस्टोन खदानों में भरे पानी को शुद्ध कर पीने योग्य बनाने की योजना भी बनाई जानी चाहिए।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। धरसीवां के उमेद दांडेकर और गोपी साहू, तथा आरंग के खिलावन दास को सांसद श्री अग्रवाल ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही अभनपुर निवासी हेमंत कुमार, आरंग निवासी अमितेश चंद्राकर, तिल्दा निवासी योगेश धीवर एवं योगेश्वरी वर्मा को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत सांसद बृजमोहन अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल और उपाध्यक्ष संदीप यदु को पौधे भेंट किए गए। कार्यक्रम में पेयजल संकट और जल संवर्धन पर भी व्यापक चर्चा हुई, जिसमें जल स्तर बनाए रखने और पेयजल संकट से बचने के उपायों पर बल दिया गया।

## संविदा महिला कर्मियों को भी है मातृत्व अवकाश का अधिकार: हाई कोर्ट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** संविदा पर कार्यरत महिला कर्मचारियों के लिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने एक अहम और संवेदनशील फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केवल संविदा कर्मी होने के आधार पर मातृत्व अवकाश का वेतन देने से इनकार नहीं किया जा सकता। यह फैसला कबीरधाम जिला अस्पताल में कार्यरत स्टाफनर्स राखी वर्मा की याचिका पर आया, जिन्होंने 16 जनवरी 2024 से 16 जुलाई 2024 तक मातृत्व अवकाश लिया था। उन्होंने 21 जनवरी को एक कन्या को जन्म दिया और 14 जुलाई को ड्यूटी पर लौट आईं। इसके बावजूद, उन्हें अवकाश अवधि का वेतन नहीं मिला, जिससे उन्हें और नवजात को आर्थिक परेशानी उठानी पड़ी। उन्होंने 25 फरवरी 2025 को वेतन के लिए आवेदन दिया था।

हाई कोर्ट ने कहा कि मातृत्व और शिशु की गरिमा का अधिकार संविधान द्वारा संरक्षित है, और इसे अफसरों की इच्छानुसार नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा अवकाश नियम, 2010 के नियम 38 और अन्य दिशा-निर्देशों के अनुसार याचिकाकर्ता की मांग पर आदेश की प्रति प्राप्त होने के तीन माह के भीतर निर्णय लें। कोर्ट ने यह भी दोहराया कि मातृत्व अवकाश का उद्देश्य मातृत्व की गरिमा और शिशु के स्वस्थ विकास की रक्षा करना है। यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का अभिन्न हिस्सा है। इस फैसले का असर सिर्फ राखी वर्मा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह राज्यभर के हजारों संविदा महिला कर्मचारियों के लिए एक मिसाल बनेगा, जो समान अधिकार और गरिमा की उम्मीद कर रही हैं।

### महापौर खुले सैप्टिक टैंक और सभी सम्पवेल मेनहोल ढकने के दिए निर्देश

**रायपुर।** राजधानी के गुलमोहर पार्क में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। नगर निगम द्वारा खोदे गए एक खुले गड्ढे में तीन बच्चे गिर गए, जिनमें से एक 7 साल का दिव्यांश नाम का बच्चा जान गंवा बैठा। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी गई।

हादसे के बाद महापौर मीनल चौबे ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शहर के सभी बीएसयूपी और प्रधानमंत्री आवास योजना कॉलोनियों समेत निगम परिसरों में खुले सैप्टिक टैंक और सम्पवेल मेनहोल को 24 घंटे के भीतर ढकने के निर्देश दिए हैं।

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने महापौर के निर्देश पर सभी 10 जोन कमिश्नरों को आदेशित किया है कि वे अगले 24 घंटे में अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण कर सभी खुले मेनहोल की सूची बनाएं और उन्हें तुरंत ढकने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि 15वें वित्त आयोग की प्रगतिरत कार्य योजना के तहत जरूरत के मुताबिक इन कार्यों को कराया जा सकता है। ड्रेन कवर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी जोन कमिश्नरों को स्थल का निरीक्षण कर साइज और लोकेशन के अनुसार रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

# भाजपा फाफाडीह मंडल ने मनाया सेवा पखवाड़ा दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय आवाहन पर प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह के निर्देशानुसार एवं रायपुर शहर जिला के अध्यक्ष रमेश ठाकुर के दिशा निर्देश पर फाफाडीह मंडल के अंतर्गत 6 अप्रैल स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया गया।

इसी के तहत शहीद हेमू कलाणी वार्ड क्रमांक 28 में सोमवार को वार्ड के जुझारू एवं लोकप्रिय पार्षद श्रीमती कृतिका जैन के नेतृत्व में जिला हॉस्पिटल पंडरी में फल एवं बिस्किट वितरण का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें मुख्य रूप से वार्ड पार्षद श्रीमती कृतिका जैन,




रायपुर शहर जिला सह कोषाध्यक्ष रमेश मिरघानी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश सह कार्यालय प्रभारी भगवान यादव, मंडल मंत्री नरेंद्र जंघेल, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री ज्योति यदु, सुमंत भाई, देवकी नायक, ज्योति चौहान, दुलार नायक, मोंटी साहू सहित वार्ड के नागरिक गण एवं अस्पताल के स्टाफ उपस्थित थे। साथ ही मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गंडेचा, महामंत्री गोपाल ठाकरे, अखिलेश पवार, कार्यक्रम के मंडल संयोजक भगवान यादव व संजय शर्मा भी उपस्थित थे।

# रायपुर निगम ने नाले में हुए अवैध कब्जा को कराया मुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा सहित नगर निगम जोन 4 के अंतर्गत डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा की मांग पर वार्ड में नाले पर कब्जा जमाकर आने - जाने के लिए बनाया गया लोहे का अवैध पाटा तत्काल तोड़ने के निर्देश आयुक्त ने जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव को दिए। आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 4 जोन कमिश्नर ने अरुण ध्रुव ने जोन 4 से तत्काल टीम सम्बंधित नाला में भेजकर थ्रीडी मशीन लगाकर अवैध पाटा तोड़कर नाले को अवैध कब्जे से मुक्त करने कार्यवाही की।



नई नालियां बनाने दिए निर्देश आयुक्त विश्वदीप ने एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा सहित जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में नगर निगम जोन 4 के तहत डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए है। आयुक्त ने महाराजबन्द तालाब में प्रगतिरत एसटीपी का कार्य तत्काल गतिमान करके शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सम्बंधित अधिकारियों को दिए है।

आयुक्त ने वार्ड पार्षद और एमआईसी सदस्य की मांग पर नाले पर कब्जा करके आने - जाने हेतु बनाये गए लोहे के अवैध पाटे को तत्काल हटाने के निर्देश दिए, जिस पर निगम जोन 4 की टीम द्वारा तत्काल टीम भेजकर लोहे के अवैध पाटे को तोड़कर नाले को कब्जामुक्त किया गया। आयुक्त ने वार्ड में गन्दे पानी की सुगम निकास व्यवस्था हेतु नई नालियां बनाने प्रस्ताव देकर शीघ्र कार्य करवाने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने महाराजबंध के किनारे सौंदर्यीकरण कार्य करवाने शीघ्र नया प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए हैं।

## यादव ठेठवार समाज रायपुर वार्षिक अधिवेशन संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** यादव ठेठवार समाज रायपुर राज का वार्षिक अधिवेशन आज राज मुख्यालय महादेव घाट रायपुरा में सफ्लतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ आराध्य देव भगवान कृष्ण जी की आरती, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। रायपुर राज अध्यक्ष संतोष यदु द्वारा दिए गए स्वागत उद्बोधन में उन्होंने 17 राज पार से आए पदाधिकारियों एवं कुटुंभजनों का कार्यक्रम में हार्दिक अभिनंदन किया।

वार्षिक प्रतिवेदन रायपुर राज के महासचिव मनी राम यदु जी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें समाज द्वारा वर्ष भर की गई गतिविधियों और महत्वपूर्ण उपलब्धियों का विस्तृत विवरण दिया गया। इस गरिमामय आयोजन में यादव ठेठवार समाज के नवनिर्वाचित 103 जनप्रतिनिधियों को उनकी निष्ठापूर्ण सेवा और समाज के विकास में सक्रिय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, रायपुर राज के अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया, जो समाज की एकता, अखंडता और प्रगति के आधार स्तंभ हैं। कार्यक्रम का सुचारू एवं प्रभावी संचालन गजानंद यादव (गुरुजी) एवं शशिकांत यदु द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने कुशल वक्तृत्व से सभी को बांधे रखा।

महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गुलेन्द्र यादव ने अपने सारगर्भित संबोधन में समाज के युवा प्रकोष्ठ और महिला प्रकोष्ठ द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रचनात्मक प्रयासों से ही समाज में सकारात्मक बदलाव आता है और समाज की एकजुटता ही हमें अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देती है। प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ललिता यदु ने महिला सशक्तिकरण और समाज में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष परमानंद यादव ने यादव समाज के समग्र विकास और उत्थान के लिए राजनीतिक क्षेत्र में अधिक से अधिक भागीदारी को अनिवार्य बताया।












# शादी के 9 साल बाद अलग हो रहे दिव्यांका त्रिपाठी-विवेक दहिया? एक्टर ने तोड़ी चुप्पी, 'मैं सबकुछ समझता हूं'

दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया टीवी के सबसे पॉपुलर कपल्स में से एक हैं। बीते कुछ समय पहले दोनों की तलाक की खबरों ने जोर पकड़ा था। इस खबर ने कपल के फैंस को काफी निराश भी किया था। अब विवेक दहिया ने पत्नी दिव्यांका से अलग होने की अफवाहों पर रिएक्ट करते हुए कहा कि उन दोनों को ऐसी बातों पर हंसी आती है और वो इन सब चीजों पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते हैं।

विवेक दहिया एबीपी न्यूज द्वारा शेयर किए गए वीडियो में अपने तलाक के बारे में बात करते दिख रहे हैं। वो कहते हैं, 'बहुत मजे आ रहे हैं। मैं और दिव्यांका, हम लोग हंस रहे थे। हम लोग आइसक्रीम खाते-खाते सोच रहे थे 'अगर और लंबा होगा तो पॉपकॉर्न भी मंगवा लेंगे'।'

### विवेक दहिया ने तलाक की खबरों का किया खंडन

एक्टर आगे कहते हैं, 'मैं भी यूट्यूब व्लॉगिंग करता हूं और मुझे पता है ये क्लिकबेट क्या होता है। मैं ये सब अच्छे से समझता हूं। कुछ सनसनीखेज डाल दोगे तो लोग आएंगे और उसे देखेंगे। लेकिन, उसमें कुछ सच्चाई नहीं होती। हमें ऐसी झूठी चीजों को बढ़ावा नहीं देना चाहिए'।

### सेट पर हुई थी मुलाकात

बता दें, कपल की मुलाकात पॉपुलर टीवी शो 'ये है मोहब्बतें' के सेट पर हुई थी। मिलने-जुलने के कुछ समय बाद ही कपल डेट करने लगा था। उन्होंने 8 जुलाई 2016 को शादी की। जहां दिव्यांका ने 2006 में 'बनूं मैं तेरी दुल्हन' से टीवी पर डेब्यू किया, वहीं विवेक का पहला टीवी रोल 2013 में 'ये है आशिकी' में था। वे कई शो में भी नजर आए, जैसे 2017 में इस जोड़ी ने डांस रियलिटी शो 'नच बलिए 8' जीता।

दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। दोनों अक्सर अपने प्यारे पलों की झलक शेयर करते हैं। अपनी एनिवर्सरी पर दोनों यूरोप घूमने भी गए थे जहां वो लूटपाट का शिकार हो गए थे।



# जमुनीया, जामुन के फल की तरह ही कई गुणों से भरपूर है, मेरा किरदार सिर्फ उसके रूप तक सीमित नहीं है: आलेया घोष



शेमारू उमंग पर प्रसारित जमुनीया शो अपने प्रसारण के बाद से ही दर्शकों का दिल छू रहा है और समाज में खूबसूरती, स्वीकृति और आंतरिक शक्ति को लेकर एक महत्वपूर्ण चर्चा छेड़ रहा है। यह कहानी जमुनीया नाम की एक लड़की की है, जो अपने सांवले रंग के कारण समाज की आलोचना का शिकार होती है।

एक ऐसी दुनिया में जहाँ सुंदरता को अक्सर गोरेपन से जोड़ा जाता है, उसके लिए हर दिन एक नई चुनौती होता है। लेकिन, जमुनीया हार मानने वालों में से नहीं है, वह अपने आत्मविश्वास और साहस से इन भेदभावों का डटकर सामना करती है। शो के नाम और इसके गहरे अर्थ के बारे में बात करते हुए मुख्य अभिनेत्री आलेया घोष कहती हैं, जमुनीया, जामुन के फल की तरह ही कई गुणों से भरपूर है। जैसे जामुन सेहत के लिए लाभकारी होता है, वैसे ही मेरा किरदार जमुनीया सिर्फ अपनी बाहरी सुंदरता तक ही सीमित नहीं है। वह निडर है और हमेशा सच के लिए खड़ी होती है।

मौजूदा कहानी में, उसने खुद को बखूबी साबित किया है और वह जानती है कि अपने हक के लिए कैसे लड़ना है। वह किसी को भी खुद पर अन्याय नहीं करने देगी और अपने पति की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएगी, भले ही उसका पति और परिवार उसे उसके रूप के कारण स्वीकार न करें। लोग अक्सर रूप-रंग के आधार पर निर्णय लेते हैं, लेकिन असली सुंदरता साहस, विनम्रता और आत्मबल में होती है। अब समय आ गया है कि हम त्वचा के रंग से आगे बढ़ें और अपने अंदर के हीरो को पहचानें।

जमुनीया का दुनिया का नज़रिया बदलने को लेकर उसकी संघर्ष से भरी यात्रा के ज़रिए, यह शो एक सशक्त संदेश देता है। सौंदर्य सिर्फ चेहरे की सुंदरता में नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, संकल्प और सच्चे दिल में होता है। देखिए जमुनीया शो, हर सोमवार से शनिवार, रात 8:00 बजे, सिर्फ शेमारू उमंग पर!

# केसरी-2 को सेंसर बोर्ड की मंजूरी, अक्षय कुमार की फिल्म को मिला ए सर्टिफिकेट

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की फिल्म केसरी 2 का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अक्षय कुमार की फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने पास भी कर दिया है। अक्षय की फिल्म को सीबीएफसी ने ए सर्टिफिकेट दिया है।



अक्षय कुमार की फिल्म को करण सिंह त्यागी डायरेक्ट कर रहे हैं। करण सिंह त्यागी का डायरेक्टर के तौर पर ये डेब्यू है। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने अक्षय कुमार की फिल्म को ए सर्टिफिकेट दिया है, जो शायद जलियांवाला बाग हत्याकांड के ग्राफिक चित्रण के कारण मिला है। सीबीएफसी की वेबसाइट के अनुसार, अक्षय कुमार के कोर्टरूम ड्रामा का रनटाइम 135 मिनट और 6 सेकंड है।

अक्षय कुमार की केसरी 2 में आर माधवन और अनन्या पांडे नजर आएंगी। फिल्म में अक्षय कुमार जलियावाला बाग का केस लड़ने वाले वकील सी शंकरन नायर का रोल निभा रहे हैं। वहीं, आर माधवन फिल्म में अक्षय कुमार के खिलाफ केस लड़ने वाले वकील नेविल मैककिनले का किरदार निभा रहे हैं। अनन्या पांडे की बात करें तो फिल्म में दिलरीत कौर का किरदार निभा रही हैं। फिल्म में सी शंकरन नायर की कहानी दिखाई गई है जो जलियांवाला बाग में हुए हत्याकांड के बाद ब्रिटिश रूल के खिलाफ लड़ते हैं। फिल्म के ट्रेलर में जलियांवाला बाग हत्याकांड के जो चित्र दिखाए गए हैं वो किसी को भी विचलित कर सकते हैं। फिल्म का ट्रेलर 3 अप्रैल को रिलीज हुआ था। करण जौहर ने केसरी 2 के ट्रेलर रिलीज पर कहा था कि केसरी चैप्टर 2 ना तो खुशी है, ना गम, लेकिन गुस्सा है। फिल्म को धर्मा प्रोडक्शन्स ने प्रोड्यूस किया है।

# ग्रेट ग्रैंड मस्ती की एक्ट्रेस कंगना शर्मा ने शेयर की बोल्ड फोटोज, फैंस का छूटा पसीना



बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस कंगना शर्मा ने एक बार फिर अपने लेटेस्ट लुक से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। ग्रेट ग्रैंड मस्ती फेम कंगना ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें वह रेड कलर की डीप नेक शिमरी ड्रेस में नजर आ रही हैं। उनकी ये फोटोज तेजी से वायरल हो रही हैं। इस तस्वीर में कंगना शर्मा का स्टाइल और कॉन्फिडेंस देखने लायक है। उन्होंने अपने लुक को गोल्ड ज्वेलरी और सटल मेकअप से कंप्लीट किया है। बालों को सॉफ्ट वेव्स में स्टाइल किया गया है, जिससे उनका ग्लैमर और भी बढ़ गया है।

कंगना ने इस पोस्ट के कैप्शन में अपने आउटफिट, ज्वेलरी, स्टाइलिंग और मेकअप आर्टिस्ट का भी जिक्र किया है। फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, रेस्पेक्ट बटन होना चाहिए, तो किसी ने कहा, ब्यूटी क्वीन।

गौरतलब है कि कंगना शर्मा कई म्यूजिक वीडियोज और वेब सीरीज में भी नजर आ चुकी हैं और सोशल मीडिया पर अपनी बोल्डनेस और स्टाइल स्टेटमेंट के लिए जानी जाती हैं। कंगना की ये तस्वीरें इस समय इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं और फैन्स उन्हें एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखने की मांग कर रहे हैं।

# मास जातरा का गाना तू मेरा लवर हुआ रिलीज रवि तेजा और श्रीलीला का दिखा किलर डांस

मास महाराजा रवि तेजा की फिल्म मास जातरा को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। इस फिल्म का रोमांटिक सॉन्ग तू मेरा लवर कुछ ही देर पहले रिलीज हुआ है। इस गाने को प्रशंसक बेहद पसंद कर रहे हैं और लगातार अपनी राय शेयर कर रहे हैं।



भानु बोगावरापु द्वारा निर्देशित फिल्म मास जातरा पूरी तरह से लोगों को आकर्षित करने के लिए तैयार है, जिसमें श्रीलीला रवि तेजा के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का गाना तू मेरा लवर 1 घंटे पहले ही रिलीज किया गया है। यूट्यूब पर इसे 1 घंटे में 2 लाख से ज्यादा के व्यूज मिल चुके हैं। टीम ने पहले सिंगल तू मेरा लवर के साथ संगीत प्रमोशन शुरू किया। फिल्म का संगीत भीम्स सेसिरोलीओ ने तैयार किया है। वैसे इस फिल्म के अलावा भी भीम्स, रवि तेजा की कई फिल्मों के चार्टबस्टर्स दे चुके हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, यह गाना दिवंगत संगीत निर्देशक चकरी गारु को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने रवि तेजा को सुपरहिट गाने दिए थे। एआई का उपयोग करते हुए, टीम ने उनकी आवाज को फिर से बनाया, जिसमें स्वर खुद भीम्स द्वारा दिए गए थे।

फिल्म मास जातरा को नागा वामसी और साई सौजन्या द्वारा सिथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के तहत निर्मित है। मास जथारा जुलाई के तीसरे सप्ताह में सिनेमाघरों में रिलीज हो जाएगी।

रवि तेजा और श्रीलीला का गाना तू मेरा लवर प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रहा है। इसका अनुमान आप इनके कमेंट से कर सकते हैं। एक यूजर ने लिखा, विंटेज रवितेजा वापस आ गया है, एक और यूजर ने लिखा, चकरी गारी की आवाज को फिर से बनाने के लिए एआई का उपयोग देखना बहुत अच्छा लगा, एक और यूजर ने लिखा, जय रवि तेजा अन्ना, एक और यूजर ने लिखा, श्रीलीला और रवि तेजा की जोड़ी मस्त है।



# पेंटिंग का शौक अपनाना चाहते हैं तो ऐसे करें शुरुआत, आपकी कला में होगा सुधार

बचपन में स्कूल में पेंटिंग और आर्ट की क्लास हुआ करती थी, जिसमें नए-नए चित्र बनाना और उनमें रंग भरना सिखाया जाता था। कुछ छात्र इस कला में अच्छे हुआ करते थे और बेहद खूबसूरत पेंटिंग्स बनाया करते थे। हालांकि, बड़े होने के बाद उनका शौक कहीं खो-सा गया और वे अपने-अपने जीवन में व्यस्त हो गए। अगर आप भी पेंटिंग के शौक को दोबारा अपनाना चाहते हैं और इस कला में पारंगत होना चाहते हैं तो ये टिप्स अपनाएं।

### सही रंगों का चुनाव करें

पेंटिंग की कला की नीव रंगों पर ही टिकी होती है। ज्यादातर लोग मानते हैं कि सभी कलाकारों को सीधे पेंट कलर से ही पेंटिंग करना शुरू करना चाहिए। हालांकि, अगर आप इस कला को सीखना शुरू कर रहे हैं तो आप ऑयल पेस्टल या पेंसिल वाटर कलर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आप अपनी पसंद और सहुलियत के मुताबिक, वाटर, एक्रेलिक, पेस्टल या ऑयल पेस्टल जैसे तमाम रंगों में से चुनाव कर सकते हैं।

### हर चीज में कला और आकार देखने की कोशिश करें

पेंटिंग एक रचनात्मक गतिविधि है, जिसके लिए कलाकार का नजरिया बेहद मायने रखता है। अगर आप इस कला को अपनाना चाहते हैं तो आपको हर चीज में कला ढूंढनी होगी। इसके लिए कोशिश करें कि आप जिस भी वस्तु या व्यक्ति को देखें, आपको उसमें कोई आकार या कलात्मक छवि दिखाई दे। ऐसा करने से आपको चित्र बनाने में आसानी होगी, आपकी रचनात्मकता बढ़ेगी और आप अपनी कला में सुधार भी कर पाएंगे।

### चित्रकारी करने का नियमित अभ्यास करें

पेंटिंग करने से पहले आपको ड्राइंग बनाना यानी कि चित्रकारी करना सीखना होगा। इसके लिए पेंसिल और कागज उठाएं और अपनी सोच व रचनात्मक क्षमताओं के आधार पर चित्र बनाना शुरू करें। रोजाना एक नया चित्र बनाने की कोशिश करें या एक हफ्ते का समय लेकर एक ही चित्र को उत्तम बनाने का प्रयास करें। चित्रकारी के नियमित अभ्यास से आपका कौशल विकसित होगा और आप दिन-पर-दिन बेहतर होते जाएंगे। साथ ही, इससे आप अधिक रचनात्मक बनेंगे।

### कलर थ्योरी के बारे में जानें

अगर आप एक अच्छे पेंटर बनना चाहते हैं तो कलर थ्योरी यानि रंग सिद्धांत समझना आपके लिए महत्वपूर्ण है। इसके लिए सबसे पहले पीले, नीले और लाल रंगों को एक साथ मिलाने से शुरुआत करें। ये प्राइमरी रंग होते हैं, जिनसे सभी अन्य रंग बनाए जा सकते हैं। इन्हें मिलाने के बाद सेकंडरी रंग बनते हैं, जिनमें हरा, नारंगी और बैंगनी आदि शामिल होते हैं। इनके साथ-साथ आपको कंटेम्परोरी रंगों के बारे में भी सीखना चाहिए।

### रंग भरने की कला को सीखें

एक बार जब आप चित्रकारी में पारंगत हो जाएं और आपको कलर थ्योरी का ज्ञान हो जाए, तो चित्रों में रंग भरना शुरू कर दें। इसके लिए सबसे पहले अपने चित्र में बेस रंग भरें और उसकी नीव तैयार कर लें। इसके बाद लाइट और शैडो तकनीक की मदद से चित्र में शेडिंग करें। पेंटिंग करते समय इस बात पर ध्यान देना भी जरूरी होता है कि आप ब्रश को किस तरह से इस्तेमाल कर रहे हैं।

# गर्मियों में ठंडक पाने के लिए खाएं ये आइसक्रीम, 30 मिनट में हो जाती हैं तैयार

बच्चे हों या बड़े, सभी को आइसक्रीम खाने का शौक होता है। यह मीठा खाद्य पदार्थ दूध, क्रीम और तरह-तरह के फ्लेवर का संयोजन होता है, जो शरीर को ठंडक पहुंचाता है। बाजार में मिलने वाली आइसक्रीम में मिलावट की जाती है और उसमें दूध के नाम पर पाम ऑयल मिला दिया जाता है। ऐसे में आपको अपने घर पर ही ये लजीज आइसक्रीम बना लेनी चाहिए, जिनकी रेसिपी बेहद आसान हैं। ये 30 मिनट में तैयार हो जती हैं।

### कुकी एंड क्रीम आइसक्रीम

सामग्री: आधा कप चीनी, एक कप दूध, 2 कप क्रीम, एक चम्मच वेनिला का अर्क, आधा चम्मच नमक और एक पैकेट ओरियो बिस्कुट।

विधि: कुकी एंड क्रीम आइसक्रीम बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरे में क्रीम, दूध, चीनी, नमक और वेनिला का अर्क डालें। इन सभी सामग्रियों को मिलाएं। इसे ढककर रातभर के लिए फ्रीज कर लें। अगली सुबह आइसक्रीम मेकर में इस मिश्रण को डालें और उसमें हाथों से तोड़े हुए ओरियो बिस्कुट के टुकड़े भी मिला दें।

### आम और केले की आइसक्रीम

सामग्री: 2 बड़े आम, 2 केले, आधा कप कंडेंस्ड दूध, आधा कप क्रीम और एक चम्मच चीनी।

विधि: आम और केले की आइसक्रीम बनाने के लिए केले और आम को टुकड़ों में काट लें और एयर टाइट



बैग में भरकर फ्रीज कर लें। इन्हें ब्लेंडर में डालें और कंडेंस्ड दूध, क्रीम और चीनी के साथ पीस लें। इस मिश्रण में केले और आम के छोटे-छोटे टुकड़े भी डालें और रातभर के लिए फ्रीज करें। जमने के बाद आनंद लेकर खाएं।

### नारियल की आइसक्रीम

सामग्री: व्हीपिंग क्रीम, 2 कप नारियल की मलाई, कंडेंस्ड दूध, नारियल का दूध, घिसा नारियल।

विधि: नारियल की आइसक्रीम तैयार करने के लिए सबसे पहले एक कटोरे में व्हीपिंग क्रीम को डालें। अब इसे विस्कर की मदद से तब तक फेटें जब तक इसकी स्थिरता मक्खन जैसी न हो जाए। ब्लेंडर में नारियल की मलाई को पीसें और क्रीम में मिला दें। इसके बाद इसमें कंडेंस्ड दूध और नारियल का दूध मिलाएं और ऊपर से घिसा नारियल छिड़ककर फ्रीज करें।

### पुदीने और चॉकलेट चिप की आइसक्रीम

सामग्री: एक कप क्रीम, एक कप पुदीने की पत्तियां, आधा कप सफेद चॉकलेट, आधा चम्मच पुदीने का अर्क, 3 चम्मच चॉकलेट चिप्स और एक कप व्हीपिंग क्रीम।

विधि: इस अनोखी आइसक्रीम को बनाने के लिए सबसे पहले क्रीम और पुदीने की पत्तियों को उबाल लें। इस मिश्रण को छानें और पुदीने की पत्तियों को मिक्सी में पीस लें। अब क्रीम में सफेद चॉकलेट, पुदीने का पेस्ट, पुदीने का अर्क, व्हीपिंग क्रीम और चॉकलेट चिप्स मिलाकर जमा लें।

### चेरी आइसक्रीम

सामग्री: चेरी, चीनी और एक कप दूध।

विधि: चेरी आइसक्रीम बनाने के लिए चेरी को मोटा-मोटा काटकर पीस लें। अब इसमें चीनी और दूध मिलाएं और तेज गति पर 5 मिनट फेटें। इस तैयार मिश्रण को एक बड़े बर्तन में निकालें और 4 घंटे या रातभर के लिए जमने दें। ताजी चेरी को आप फ्रीज करके भी रख सकते हैं। इसके लिए पहले इन्हें धोएं, फिर सुखाएं और एक एयरटाइट कंटेनर में लंबे समय तक फ्रीज करें।

### वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मंशानुसार एनआरडीए में युवा फोटोग्राफरों को मिलेगा इंटर्नशीप का मौका

# नवा रायपुर में फोटोग्राफर्स की मास्टरक्लास युवाओं ने सीखी फोटोग्राफी की बारीकियां

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मंशानुसार एनआरडीए में युवा फोटोग्राफ्रों को मिलेगा इंटर्नशीप का मौका वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मंशानुसार एनआरडीए में युवा फोटोग्राफ रों को मिलेगा इंटर्नशीप का मौका फोटोग्राफी को एक ऐसी विधा है जिसमें उम्र का कोई बंधन नहीं है और डिजिटल युग में फोटोग्राफी का महत्व भी बहुत है, हर कोई चाहता कि वो अच्छी फोटोज़ क्लीक कर पाए और अपना नजरिया लोगों तक पहुंचा पाए।






कहा जाता है कि एक तस्वीर में हजार शब्द कहने की कला माना जाता है, और इन्हीं हजार शब्दों को एक तस्वीर के जरिए कहने सीखने के लिए नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने विश्व प्रसिद्ध स्ट्रीट फोटोग्राफर विनीत वोहरा के साथ मिलकर 11 से 13 अप्रैल तक तीन दिवसीय मास्टरक्लास का आयोजन किया गया। मास्टर क्लास में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए युवा फोटोग्राफरों ने न केवल फोटो क्लिक करना सीखा, बल्कि दुनिया को नए नजरिए से देखने का हुनर भी हासिल किया।

#### नवा रायपुर अटल नगर ही क्यों ?

नवा रायपुर, विश्व की पहली एकीकृत योजनाबद्ध शहर है, जिसका इन्फ्रास्ट्रक्चर, आर्किटेक्चर, हरियाली और लैंडस्केप इसे अन्य शहरों से बहुत अलग बनाता है। शहर की इन्हीं खूबियों को ग्लोबल स्तर पर पहुंचाने के लिए यह मास्टरक्लास नवा रायपुर में आयोजित की गई।

#### मास्टरक्लास की खासियत

11 और 12 अप्रैल को आयोजित वर्कशॉप और फोटोवॉक में युवा फोटोग्राफरों को तकनीकी कौशल के साथ-साथ रचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करना सिखाया गया। 13 अप्रैल को संवाद ऑडिटोरियम में उन्होंने 50 से अधिक लोगों के साथ ओपन टॉक में अपने अनुभव साझा किए और फोटोग्राफी की गहराइयों को समझाया।

#### ओपन एयर प्रदर्शनी ने बटोरी सराहना

13 अप्रैल शाम को अटल नगर पार्क में ओपन एयर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जहां युवा फोटोग्राफर द्वारा खिंची गई 20 से अधिक फोटो की प्रदर्शनी की गई। प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने भी इन तस्वीरों की सराहना की। इस मास्टरक्लास ने छत्तीसगढ़ के युवा फोटोग्राफरों को एक मंच प्रदान किया और एक ऐसी कम्युनिटी का निर्माण किया, जो भविष्य में अपने अनोखे नजरिए से शहर और राज्य की कहानियों को दुनिया तक पहुंचाएगी।

#### युवा फोटोग्राफर्स को इंटर्नशिप

वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा युवाओं के लिए जो विज़न है उसे ध्यान में रखते हुए नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा इस मास्टरक्लास का आयोजन किया गया। इस 3 दिन की मास्टरक्लास में सभी शानदार प्रदर्शन किया पर सबसे अच्छी फोटो क्लिक करने वाले 3 स्टूडेंट्स को नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा इंटर्नशिप प्रोग्राम से जोड़ा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि विनित वोहरा का फोटोग्राफी अनुभव लगभग 3 दशकों का रहा है और वे विश्व के 20 बेस्ट स्ट्रीट फोटोग्राफरों में शुमार हैं। साथ ही विश्व के कई देशों में इनकी स्ट्रीट फोटोग्राफी मास्टरक्लास आयोजित होती हैं। उनकी तस्वीरें आम लोगों और रोजमर्रा की जिंदगी को असाधारण ढंग से पेश करती हैं। वोहरा के अनुसार, स्ट्रीट फोटोग्राफी एक दर्शन है और उनका यही अनोखा नजरिया उन्हें वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाता है।

## बाबा साहब के आदर्श एवं सिद्धांत सदैव रहेंगे प्रासंगिक : विधायक अटामी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** भारतीय संविधान के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाने वाले, सामाजिक विषमताओं के विरुद्ध विद्रोह का झंडा बुलंद करने वाले, सामाजिक समरसता के जन नायक भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती 14 अप्रैल पर जिला पंचायत में आज गरिमापूर्ण समारोह का आयोजन किया गया था।

इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर के कृतित्व पर प्रकाष डालते हुए कहा कि बाबा साहब ने भारत के संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए दलित एवं वंचित वर्गों के अधिकारियों के लिए सदैव संघर्ष किया। उन्होंने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव और शोषण के खिलाफ आवाज उठाई। वर्तमान में जो राजनैतिक और सामाजिक अधिकार हमें प्राप्त हुए है वो बाबा साहब की ही देन है।

इसके साथ ही क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संविधान के रचयिता डॉ अम्बेडकर के आदर्श एवं सिद्धांत सदैव प्रासंगिक रहेंगे। भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार नागरिकों के महत्वपूर्ण अधिकार है। जिनका उद्देश्य नागरिकों की स्वतंत्रता और गरिमा की रक्षा करना है। इन मौलिक अधिकारों के सृजन का श्रेय भी डॉ अम्बेडकर को है। आज हम आन बान,शान से अपनी जिम्मेदारियों का वहन कर रहें है। साथ ही जनप्रतिनिधियों को निर्वाचन का अधिकार मिला है इसमें महत्वपूर्ण भूमिका रही है। दलितों के उत्थान और उनके राजनैतिक अधिकारों में संघर्ष के परिप्रेक्ष्य में बाबा साहब का नाम सदैव अमर रहेगें। उनके दिखाये गये रास्तों का अनुकरण करना हम सभी का कर्तात्य है।

इस क्रम के जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि के तौर पर जो समानता अधिकार हमें आज प्राप्त हुए है।

## जिले की 40 ग्राम पंचायतों में खोले जायेंगे अटल डिजिटल सेवा केन्द्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती को प्रदेश सहित जिले में सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा वर्चुअली जुड़े। धमतरी जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, उपाध्यक्ष गौकरण साहू, सदस्य टीकाराम कंवर, अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न समाजों के पदाधिकारी, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा और अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। डॉ. अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

इसके बाद संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने भारत रत्न डॉ अंबेडकर की जयंती की बधाई देते हुए कहा कि डेढ साल पहले देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डबल इंजन की सरकार ने जो वांदे किये थे, उसे हम लगातार पूरा कर रहे है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शपथ ग्रहण के तुरंत बाद 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए, जिनमें से 14 लाख आवास पूरे हो चुके हैं। राज्य सरकार की धान खरीदी को लेकर उन्होंने बताया कि 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई और किसानों को बोनस की अंतर राशि दी गई। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को लाभ दिया जा रहा है रामलला दर्शन योजना, और मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आवास पल्स सर्वे एप के माध्यम से शुरू किया गया है, जिसके तहत् प्रदेश के पात्र पात्र व्यक्ति को आवास प्रदान किया जायेगा।

## शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : सांसद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**उत्तर बस्तर कांकेर ।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में वर्चुअल माध्यम से सामाजिक समरसता दिवस का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जनप्रतिनिधियों को संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम में कांकेर सांसद भोजराज नाग, विधायक कांकेर आशाराम नेताम उपस्थित थे। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज दोपहर आयोजित वर्चुअल कार्यकम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संबोधित करते हुए कहा कि अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र के लिए प्रत्येक विकासखण्ड से 10-10 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सीएससी सर्विस प्रदाता के माध्यम से एमओयू की कार्यवाही की गई। साथ ही प्रधामंत्री आवास योजना का ज्यादातर लोगों को लाभान्वित करने आवास प्लस सर्वेक्षण कार्यक्रम के बारे में बताया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने गांवों में भू-जल स्तर में वृद्धि करने के संबंध में जानकारी देकर वाटर हार्वेस्टिंग पर जोर दिया।

कार्यक्रम में जिले से मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित सांसद श्री नाग ने संबोधित करते हुए कहा कि संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान आज भी प्रासंगिक है और सभी देशवासी उनके दिखाए मार्ग पर चलकर अपने जीवन की दशा और दिशा में सकारात्मक विकास कर रहे हैं। सांसद ने ग्राम पंचायतों की विभिन्न समस्याओं से अवगत होने के लिए अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र की स्थापना हेतु मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने उपस्थित सभी विकासखण्डों के सरपंच, सीएससी कार्यकर्ता को अंतिम व्यक्ति तक शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने की अपील की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद कांकेर विधायक श्री नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित ''मोर दुवार साय सरकार'' के तहत आवास प्लस योजना के माध्यम से जिले के प्रत्येक पात्र हितग्राही को आवास दिया जाएगा। इसका लाभ लेने के लिए छूटे हुए हितग्राही अपना पंजीयन अवश्य कराएं। उन्होंने जल संरक्षण पर भी जोर देते हुए कहा कि सभी व्यक्तियों को जल और पर्यावरण बचाने हरसंभव प्रयास करना चाहिए, जिससे भविष्य सुरक्षित और संरक्षित रह सके। इस अवसर पर सांसद श्री नाग द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वचन भी कराया गया। इस अवसर पर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, नगर पालिका कांकेर के अध्यक्ष अरूण कौशिक, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर, महेश जैन, एसडीएम कांकेर अरुण वर्मा सहित सरपंच, पंच एवं समाज प्रमुखजन उपस्थित थे।

## उद्योग मंत्री देवांगन ने कार्यकर्ताओं के साथ लगाया झाड़ू, दिया स्वच्छता का संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा जिले में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर कोसाबाड़ी मंडल द्वारा 13 अप्रैल को भव्य स्वच्छता एवं दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन घंटाघर चैक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर किया गया, जिसमें पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थल की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। झाड़ू लगाकर, पानी से धोकर तथा माल्यार्पण कर डॉ. अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत हैं, और उनका जीवन आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा है। इसी कड़ी में शाम 6 बजे दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ और राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत रहा।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, पार्षद नरेंद्र देवांगन, अ.जा. मोर्चा के जिला संयोजक सरजू अजय, लक्ष्मीकांत जोशी, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती मंजू सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाटनवार, एमआईसी सदस्य ममता यादव, पार्षद अजय गोंड, प्रकाश अग्रवाल, लालेश दुबे, अनिल वस्त्रकार, दिनेश वैष्णव, सुमन सोनी, पंकज देवांगन, स्वाति कश्यप, पुष्प कला, संजीव शर्मा, शिव चंदेल, तुलसी सूर्यवंशी, राखी तिवारी, पवन सिन्हा, धनसाय साहू, पूर्व पार्षद नीरज ठाकुर तथा भरत सोनी सहित बड़ी संख्या में अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिला दर्जी और ब्यूटी पार्लर का निशुल्क ट्रेनिंग 16 से

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण युवती और महिलाओं के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशन में भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में ब्यूटी पार्लर और महिला दर्जी सिलाई का एक माह से ज्यादा दिवस का निशुल्क प्रशिक्षण आयोजित की जा रही हैं। महिलाएं सभी दस्तावेज वाट्सअप 7974942078 में भेज कर पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना,खाना एवं सीखना पूर्णत: नि:शुल्क हैं।

एसबीआई आरसेटी रायगढ़ के सीनियर समन्वयक श्रवण श्रीवास्तव से प्राप्त जानकारी अनुसारदोनों कोर्स के लिए 35-35 सीट है। ब्यूटी पार्लर 16 अप्रैल से 21 मई (35दिन) और महिला दर्जी सिलाई 16 अप्रैल से 16 मई (31दिन) का प्रशिक्षण निर्धारित है। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी और रजिस्ट्रेशन के लिये मोबाइल नम्बर पर 7974942078, 9131360303, 9303060375 पर संपर्क कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवती एवं महिला को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 8वीं पास होना अनिवार्य हैं।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर नवा रायपुर में अम्बेडकर चौक पर उमड़ा जनसैलाब

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज नवा रायपुर अटल नगर के इंद्रावती भवन के समीप कैपिटल कॉम्प्लेक्स परिक्षेत्र स्थित अम्बेडकर चौक पर एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बी. आर. अंबेडकर जयंती समारोह संयुक्त आयोजन समिति द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं तथा आम नागरिकों ने भाग लिया।



सुबह से ही अम्बेडकर चौक पर लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया था। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अम्बेडकर चौक के समीप रैली निकाली गई और जय भीम के नारे लगाये गए।

इसके पश्चात समिति के पदाधिकारियों और आमंत्रित अतिथियों द्वारा अंबेडकर जी के जीवन, विचारों और उनके द्वारा समाज में लाए गए क्रांतिकारी बदलावों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर को सामाजिक न्याय का प्रतीक, दलितों और वंचितों के अधिकारों के संरक्षक तथा भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने केवल एक नेता के रूप में नहीं, बल्कि एक विचारधारा के रूप में कार्य किया, जिसकी प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान जय भीम, डॉ. अंबेडकर अमर रहें जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।

संयुक्त आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य नवा रायपुर के नागरिकों को डॉ. अंबेडकर के विचारों से जोड़ना और सामाजिक समरसता की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे लोगों ने अंबेडकर जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया।

मुख्य अतिथि रायपुर संभाग के आयुक्त महादेव कांवरे ने संविधानिक आदर्शों के पालन हेतु सभी को सपथ दिलाई। अम्बेडकर जी के जातिविहीन समाज की परिकल्पना के बारे में बताया और कहा कि उनके विचारों को जनजन तक पहुंचाए। भू सम्पदा विनियामक प्राधिकरण के सदस्य धनंजय देवांगन ने आर्थिक स्वतंत्रता के संबंध में विचार व्यक्त किया। विभागीय जांच आयुक्त दिलीप वासनीकर ने संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों के बारे में जानकारी दी।

जनसंपर्क के अपर संचालक आलोक देव ने बौद्ध अर्थशास्त्र के बारे अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गनवीर, छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, अपाक्स के अध्यक्ष श्री सत्येंद्र देवांगन, प्रगति शील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के अध्यक्ष आर पी भतपहरी, संरक्षक विनोद भारती, सर्व अनिल कुमार बनज, एस के सोनवानी, अश्विनी कुमार बंजारा, एच के रंगारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

#### बुधवार और गुरुवार को रिसाली में नहीं खुलेगा नल

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम रिसाली के 1 से 34 वार्ड में बुधवार को पूर्ण और गुरुवार को आंशिक रूप से नल नहीं खुलेगा। प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा ने बताया कि रिसाली निगम को भिलाई फिल्टर प्लांट से पानी उपलब्ध कराया जाता है। शिवनाथ से बिछाए गए पाइप लाइन 1000 एम एम डाया पाइप लाइन गंजपारा दुर्ग के निकट क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसका मरम्मत कार्य मंगलवार को किया जाएगा। इस वजह से बुधवार को पूर्ण रूप से और गुरुवार को आंशिक रूप से रिसाली के 34 वार्ड में पेयजल आपूर्ति ठप्प रहेगी।


















## खास खबर



### हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने 14.29 ग्राम हेरोइन के साथ 2 युवकों को केडिया बिजनेस पार्क के पास से बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार करते हुए गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी मो. सोहेल खान 26 संजय नगर सोहेल किराना दुकान थाना टिकरापारा और तन्मय गोईन्दी 27 महाबीर नगर अनमोल सुपर बाजार के पास गुलमोहर वाटिका न्यू राजेन्द्र नगर के रहने वाले है। जप्त हेरोइन की कीमत 177900 रूपये है।

### गांजे के साथ दो गिरफ्तार



**रायपुर।** 20 किलो 270 ग्राम गांजे के साथ नहरपारा स्थित आत्मानंद स्कूल के बाजू से गंज पुलिस ने 2 तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से 20 किलो 270 ग्राम गांजे को जप्त किया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम आकाश कुशवाहा 26 मेहरावता थाना किशनगंज बारा राजस्थान व निलेश मालवीय 30 नयापुरा खेड़ा नरोला थाना शुजालपुर शाजापुर मध्यप्रदेश बताया। जब्त गांजे की कीमत 2,02,000 रुपये है। दोनों आरोपियों के खिलाफ गंज पुलिस ने धारा 20 बी नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। उल्लेखनीय हैं कि आकाश कुशवाहा पूर्व में थाना किशनगंज जिला बारा (राजस्थान) से बलवा एवं मारपीट के प्रकरण में जेल जा चुका है।

### बिना अनुमति नलकूप खनन करते दो बोर गाड़ी जब्त

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर दो बोर गाड़ी जब्त कर लिए गए। सकरी तहसील के ग्राम खरकेना में प्रतिबंध के बावजूद बोर खनन कार्य किया जा रहा था। गौरतलब है कि कलेक्टर ने जिले को जलाभाव क्षेत्र घोषित किया है। बिना अनुमति के बोर खनन पर रोक लगा दी है। एक सप्ताह पहले ही आदेश जारी किए गए हैं। केवल सरकारी एजेंसी पीएचई और नगरीय निकाय ही पेयजल के लिए बोर खनन का कार्य कर सकते हैं। आदेश का उल्लंघन करते हुए बोर खनन की शिकायत सवेरे कलेक्टर को मिली। उन्होंने सकरी तहसीलदार आकाश गुप्ता को तत्काल मौके पर रवाना किया। तहसीलदार ने खरकेना पहुंचकर जांच शुरू की। खनन कराने की कोई अनुमति उनके पास उपलब्ध नहीं था। दो गाड़ी थे। दोनों को जब्त कर हिर्री थाने में खड़ी कर दी गई है। जिला दंडाधिकारी के आदेश पर छत्तीसगढ़ जल परिरक्षण अधिनियम 1986 के प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# ऑनलाइन सट्टा का पैसा वसूलने पहुंचा खाईवाल हुआ गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच हो रहे मुकाबले पर ऑनलाइन सट्टा का पैसा वसूल करने पहुंचे खाईवाल को तोरबा पुलिस ने तितली चौक के पास से रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से 8 लाख 88 हजार 120 रुपये नगद, दो मोबाइल फोन और एक बाइक को जप्त किया।

तोरवा थाना प्रभारी अभय सिंह बैस ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि तितली चौक के पास एक युवक सट्टा वसूली के लिए पहुंचा है। सूचना पर पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर योगेश बोधवानी (25 वर्ष) को पकड़ा। वह शनिचरी बाजार, वाल्मीकि चौक



निवासी है। मौके से 1 लाख 50 हजार 320 रुपये नकद, दो मोबाइल और सट्टा लेन-देन का रजिस्टर बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके घर में सट्टा कारोबार की बाकी रकम रखी है। पुलिस टीम ने जब छापेमारी की तो वहां से अलग-अलग खाईवालों से वसूली गई 7 लाख 37,800 नगद और एक बाइक बरामद की गई। पुलिस को आरोपी से अन्य बड़े सटोरियों के नाम और मोबाइल नंबर भी मिले हैं, जिनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### कार की टक्कर से एक महिला की मौत, कार के उड़े परखच्चे

बिलासपुर। रामा मैग्नेटो मॉल के पास सोमवार की सुबह एक तेज रफ्तार कार ने दो महिलाओं को अपनी चपेट में ले लिया जिससे एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वहीं दूसरी महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। पुलिस कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर चालक की तलाश में जुट गई है।

मृतक महिला का नाम अंजू टंडन है जो मुंगेली की रहने वाली थी और बिलासपुर के रामा मैग्नेटो मॉल में काम करती थी। आज सुबह अपनी सहेली के साथ जैसे ही वह काम पर निकली थी व्यापार विहार की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे रौंद दिया। महिलाओं को टक्कर मारने के बाद कार सड़क किनारे खड़ी कंटेनर से टकराई और कार के परखच्चे उड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिलाओं को टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मृतिका के परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# सामान खरीदकर लौट रही दो बहनों के साथ सरेराह छेड़छाड़ का मामला, दो युवक हुए गिरफ्तार

**मुंगेली (ए.)।** मुंगेली जिले में दो बहनों के साथ सरेराह छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना 23 मार्च की शाम करीब 6:30 बजे की है, जब दोनों बहनें घोरपुरा साप्ताहिक बाजार से सामान खरीदकर यूएसबी सेंटर की ओर लौट रही थीं। इसी दौरान भूपेन्द्र साहू (24 वर्ष) और उसका साथी करन चौहान (35 वर्ष) स्कूटी पर सवार होकर वहां पहुंचे। दोनों युवक शराब के नशे में थे। भूपेन्द्र ने पीड़िता का दुपट्टा खींचते हुए दोनों बहनों से अश्लील हरकतें की और छेड़छाड़ की कोशिश की। जब बहनों ने विरोध किया, तो आरोपियों ने उन्हें धमकाया। डरी-सहमी बहनें भागकर यूएसबी सेंटर में शरण लेने पहुंचीं।



लेकिन भूपेन्द्र वहां भी पीछा करते हुए पहुंच गया और वहां भी गाली-गलौज करने लगा। उसने सेंटर के भीतर घुसने की कोशिश की, लेकिन स्टाफ और आसपास मौजूद लोगों के विरोध के बाद वह वहां से चला गया। पीड़िता ने अगले दिन, 24 मार्च को सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश पर सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। जांच के दौरान घटना में प्रयुक्त स्कूटी को जब्त किया गया। दोनों आरोपियों को 14 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़, अश्लील हरकत, पीछा करना और धमकी देने जैसी धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

# नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या ससुराल पक्ष के खिलाफ अपराध किया दर्ज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। अब पुलिस ने जांच के बाद आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले पति, सास और जेठानी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, 20 साल की युवती की शादी करीब एक साल पहले प्रकाश सिंह के साथ हुई थी। शादी की शुरुआत में सब ठीक चल रहा था, लेकिन कुछ दिन बाद से छोटी-छोटी बातों पर ससुराल पक्ष विवाद करने लगा। आए दिन विवाहिता के साथ उसके पति, सास और जेठानी का झगड़ा होता था।

5 अप्रैल को भी घरेलू बात पर विवाहिता का उसकी जेठानी के साथ विवाद हुआ। जब उसका पति घर पहुंचा, तो उसके साथ भी झगड़ा हो गया। तब विवाहिता ने घर के कमरे में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। घटना के बाद मामले की सूचना



पुलिस को दी गई। ऐसे में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू किया। जहां जांच में खुलासा हुआ कि विवाहिता को आत्महत्या करने के लिए उकसाया जाता था। जिसके बाद पुलिस ने मृतका के पति प्रकाश सिंह, उसकी सास और जेठानी को आज गिरफ्तार कर मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रायपुर ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई, 63 माल वाहक वाहनों का कटा चालान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार यातायात पुलिस रायपुर द्वारा शहर से गुजरने वाले रिंग रोड नम्बर 01 व 02 में सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु नो पार्किंग में लापरवाही पूर्वक खड़ी मालवाहक वाहनों के विरूद्ध विशेष अभियान कार्यवाही की गई।

कार्यवाही में यातायात थाना प्रभारी टाटीबंध लगाया गया था जिनके द्वारा दल बल के साथ सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक रिंग रोड में अभियान चलाकर नो पार्किंग में लापरवाही पूर्वक खड़े 63 मालवाहक वाहनों के विरूद्ध मौके पर ही चालानी कार्यवाही की गई एवं 09 वाहनों के विरुद्ध BNS की धारा 285 के तहत कार्यवाही करते हुए प्रकरण माननीय न्यायालय भेजने की कार्यवाही की गयी। बता दे कि राजधानी रायपुर से गुजरने वाले रिंग रोड नम्बर 01 व 02 में भारी मालवाहक वाहन चालकों द्वारा लापरवाही पूर्वक यातायात को बाधित कर खतरनाक ढंग से नो पार्किंग में वाहन खड़ी कर दी जाती है। जिससे उक्त मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी असुविधा एवं दुर्घटना



की आशंका बनी रहती है जिसे यातायात पेट्रोलिंग एवं हाईवे पेट्रोलिंग टीम द्वारा लगातार एनाउंसमेंट कर हटाया जाता है व समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की जाती है।

कार्यवाही के इसी अनुक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर डॉ. प्रशांत शुक्ला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(रायपुर पश्चिम) दौलत राम पोर्ते के निर्देशन पर उप पुसिल अधीक्षक यातायात सतीष ठाकुर के नेतृत्व में थाना प्रभारी यातायात टाटीबंध निरीक्षक भुनेश्वर साहू एवं थाना प्रभारी कबीर नगर थाना आमानाका स्टाफ व रक्षित केंद्र से प्राप्त दल बल के साथ रिंग रोड नम्बर 01 व 02 में नो पार्किंग में खड़ी मालवाहक वाहनों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाते हुए 63 मालवाहक वाहनों के विरूद्ध मौके पर ई-चालान की कार्यवाही की गई एवं 09 वाहनों के विरूद्ध BNS की धारा 285 के तहत कार्यवाही करते हुए प्रकरण माननीय न्यायालय भेजने की कार्यवाही की गयी।

वाहन चालकों से अपील है कृपया यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाएं। शहर की यातायात व्यवस्था का सुगम संचालन करना हम सब की जिम्मेदारी है। सभी के सहयोग एवं नियमों का पालन किये जाने से बेहतर से बेहतर यातायात व्यवस्था बनाई जा सकती है। हमेशा नियमों का पालन कर वाहन चलाएं, नो पार्किंग में वाहन खड़ी ना करें, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न दे, नशे की हालत में वाहन न चलाए, यातायात संकेतों का पालन कर वाहन चलाएँ, मोबाईल फोन से बात कर वाहन न चलाए।

### ड्रंक एंड ड्राइवः 10 ड्राइवरों का हो सकता है लाइसेंस निरस्त

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव वाले ड्राइवरों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 10 वाहन चालकों पर के लाइसेंस निलंबन करने का दावा किया है। शहर के श्रीराम मंदिर के पास, फुण्डहर चौक एवं एयरपोर्ट टर्निंग नवा रायपुर में बेरिकेटिंग कर 10 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्यवाही की। इनके प्रकरण निराकरण के लिए कोर्ट भेजा गया। सभी वाहन चालको का लाइसेंस निलंबन के लिए परिवहन कार्यालय भेज दिया गया है।

इन वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई सीजी 04 एनडी 2145 नवीन कुमार, जेएच 01 एलक्यू 4529 पैतृक तिर्की, सीजी 04 क्यूई 7982 सुयश वर्मा, सीजी 04 पीए 6732 आदित्य खालवड़े, सीजी 04 क्यूडी 2252 पृथ्वी डागा, सीजी 08 आर 8500 अतिक जोशी, सीजी 04 एलडी 5726 शौर्य तिवारी, सीजी 04 पीडी 6659 अभिषेक प्रसाद, सीजी 04 एमजे 1865 शिवम् यादव तथा सीजी 04 पीवी 1483 शिवम् रायपुर शामिल है।

# नाबालिग ने तीन साल की मासूम के साथ किया दुष्कर्म

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर से तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। ये मामला पंडरी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है, जहां पर पड़ोस में रहने वाले एक लड़के ने तीन साल की बच्ची के साथ हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए उसका रेप किया है। ये घटना सोमवार दोपहर डेढ़ बजे की है। और रेप करने वाले लड़के की उम्र 15 साल बताई जा रही है। बच्ची के माता-पिता मंडी गेट स्थित चंद्रशेखर नगर में रहते हैं। बच्ची दोपहर डेढ़ बजे करीब अपने घर पर खेल रही थी। इसी दौरान 15 वर्षीय किशोर बच्ची को चाकलेट खिलाने के बहाने अपने साथ ले गया और उसके साथ गलत हरकत की। दर्द से तड़प रही रोते हुई बच्ची को देख लड़का बुरी तरह से घबरा गया और उसने उसे शांत कराने चाकलेट दिया फिर उसे उसके घर के बाहर छोड़कर चला गया।

वहीं जब उसकी मां घर पहुंची तो बच्ची दर्द से तड़पते हुए रो रही थी। बच्ची से उसकी मां ने रोने का कारण पूछा, तो



उसने अपनी मां को इशारों से घटना की जानकारी दी और उसके साथ गलत काम करने वाले के बारे में बताया। इसके बाद परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस बच्ची को इलाज कराने जिला अस्पताल लेकर पहुंची। घटना के बाद बच्ची बुरी तरह से डरी हुई है। बच्ची की मां लोगों के घरों में झाड़ू पोंछा करने का काम करती है और पिता रिक्शा चलाने का काम करता है।

सूत्रों के मुताबिक घटना की जानकारी मिलते ही लड़के को कस्टडी में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। बतादें पुलिस ने जिस 15 साल के लड़के को रेप करने के आरोप में पकड़ा है, वो अपराधिक प्रवृत्ति का है। इस लड़के ने इससे पहले भी छोटे-छोटे बच्चों के साथ मोहल्ले में घिनौनी हरकते पकड़ा गया है। लेकिन बदनामी के डर से लोगों ने थाने में इस घटना की शिकायत नहीं की थी। जिसके चलते इस लड़के का हौसला और भी बढ़ गया। और उसने अपने पड़ोस में रहने वाली बच्ची के साथ रेप किया। घटना के बाद क्षेत्र के लोग आक्रोषित हैं, और अस्पताल में भर्ती बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### रेप पीड़िता की मां ने की सीबीआई जांच की मांग

**दुर्ग।** दिल दहला देने वाले दुष्कर्म और हत्याकांड में पुलिस ने मंगलवार को डीएनए और पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक की जिससे यह पुष्टि हो गई कि बच्ची से दरिंदगी और उसकी हत्या के मामले में सगा चाचा सोमेश यादव दोषी पाया गया है।

पुलिस द्वारा जारी की गई डीएनए रिपोर्ट के अनुसार बच्ची के शरीर से लिए गए सैंपल और आरोपी सोमेश यादव के सैंपल की डीएनए रिपोर्ट पॉजीटिव आई है जिससे यह साबित हो गया कि आरोपी ने ही बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि बच्ची की मौत हार्ट अटैक के कारण हुई जो कि दुष्कर्म के बाद हुआ था। इस घटना के बाद से ही आरोपी के परिवार और कुछ स्थानीय लोगों द्वारा सोमेश यादव को निर्दोष ठहराने की कोशिश की जा रही थी। लेकिन अब डीएनए रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पूरी तरह से आरोपी की गुनाह को सिद्ध कर दिया है।

हालांकि परिजनों का मानना है कि डीएनए रिपोर्ट से वे संतुष्ट नहीं हैं। वे चाहते हैं कि मामले की उच्च स्तरीय जांच हो और इसके लिए उन्होंने सीबीआई जांच की मांग की है। पीड़िता के परिजनों का कहना है कि अगर सीबीआई जांच में यह पाया जाता है कि सोमेश यादव ही अकेला दोषी है तो वे फांसी की सजा की मांग करेंगे। परिजनों का यह भी कहना है कि सीबीआई जांच के दौरान अगर उनके सामने और कोई सवाल उठते हैं तो उन्हें उसका भी समाधान चाहिए। इसके लिए वे जल्द ही रायपुर स्थित CBI कार्यालय तक जाने की तैयारी कर रहे हैं।

# ट्रक और ट्रेलर में भिड़ंतः चालक की मौत, कंडक्टर हुआ घायल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** सोमवार की दोपहर कबीरधाम जिले में आयशर ट्रक व ट्रेलर में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में चालक की मौत हो गई है। कंडक्टर गंभीर रूप से घायल है। यह हादसा कबीरधाम जिले के चिल्फी में हुआ है।

मिली जानकारी अनुसार रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे-30 चिल्फी घाट में तेज रफ्तार आयशर ट्रक व ट्रेलर में आपस में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। आयशर ट्रक के चालक गुरबाज सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। कंडक्टर कुलदीप घायल है ये ग्वालियर (मध्यप्रदेश) के निवासी हैं।

मौके पर चिल्फी थाना की पुलिस व डॉयल 112 के जवान पहुंचे हुए थे। पुलिस के अनुसार दोनों वाहनों की आपस में भिड़ंत होने से वाहन के सामने के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। आयशर ट्रक के चालक गौरव सिंह के सिर व पैर में गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई है। शव को पीएम के लिए बोड़ला के अस्पताल ले जाया गया है। वहीं, परिजनों को जानकारी दे दी गई है। परिजनों के आने के बाद शव का पीएम किया जाएगा।


भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

राकेश ट्रेडर्स
राकेश ट्रेडर्स जो चर्च के पास था वह आगे चला गया है पिछले दस वर्षो से
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Swami Aatmanad School, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

## छत्तीसगढ़ में मोदी की एक और गारंटी हुई पूरी

# प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में पंचायत दिवस से शुरू होगी नगद भुगतान की सुविधा सहित अन्य डिजिटल सेवाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ में मोदी की एक और गारंटी पूरी होने जा रही है। प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल, पंचायत दिवस से नगद भुगतान सहित अन्य डिजिटल सेवाएं शुरू की जाएंगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड की 10-10 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए एमओयू किया गया। इन सुविधा केंद्रों में ग्रामीणों को अब बहुत सारी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकेंगी। वे अपने खाते से आसानी से पैसे निकाल सकेंगे, अपने खाते से किसी अन्य के खाते में पैसे भेज सकेंगे, बिजली-पानी बिल का भुगतान कर सकेंगे तथा पेंशन-बीमा जैसी अनेक सुविधाओं का लाभ अपने पंचायतों में ही ले सकेंगे।**






अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए कॉमन सर्विस सेंटर के सेवा प्रदाताओं और सरपंचों के बीच आज एमओयू हुआ। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित किया गया। इन सुविधा केंद्रों के आरंभ होने से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए विकासखंड और जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। गांव में ही उन्हें बहुत-सी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। मोदी की गारंटी की एक और गारंटी पूरी करने जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता से ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की सुविधा शुरू करने का वादा किया था, जो अब पूरा होने जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमने सवा साल में ही मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा किया है। चाहे किसानों के लिए 3100 रुपये में धान खरीदी हो या पिछले दो वर्षों का धान बोनस, महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना, बुजुर्गों के लिए रामलला दर्शन, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का पुनः प्रारंभ, या 5 लाख 62 हजार कृषि मजदूरों को सालाना 10 हजार रुपये देने का वादा।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ग्राम पंचायतों में शुरू हो रहे इन सुविधा केंद्रों से किसान धान का भुगतान, महतारी वंदन योजना, पेंशन तथा अन्य योजनाओं की राशि का भुगतान ले सकेंगे, साथ ही जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य सुविधाओं का भी लाभ ले सकेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हर किसी का पक्का मकान हो। पिछली सरकार के कार्यकाल में 18 लाख हितग्राही आवास से वंचित रह गए थे। शपथ लेने के दूसरे दिन हमने कैबिनेट की बैठक में 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी। अभी तक हमें केंद्र से 14 लाख आवास मिले हैं। दो दिन पूर्व केंद्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि छत्तीसगढ़ के लिए साढ़े तीन लाख आवास स्वीकृत करने जा रहे हैं। सभी को आवास मिले, इसके लिए हमने आवास प्लस प्लस सर्वे में पात्रता के दायरे को बढ़ाया है, जिससे हर किसी के घर का सपना पूरा हो सके। उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े सभी जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस प्लस का सर्वे 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक हो रहा है। इस सर्वे की सूची में सभी जरूरतमंद और पात्र हितग्राहियों का नाम शामिल हो, ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके।

कार्यक्रम में जिन पंचायतों में पहले से PMAY-G पंचायत एंबेसडर हैं, उन्हें विशेष रूप से कार्यक्रम में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। जिन पंचायतों में अब तक कोई PMAY-G पंचायत एंबेसडर नियुक्त नहीं हुआ है, वहाँ उपयुक्त व्यक्ति को चयनित कर एंबेसडर नियुक्त किया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G) अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा मोर दुवार साय सरकार महाभियान (15 अप्रैल से 30 अप्रैल) की जानकारी हितग्राहियों को दी गई। साथ ही ग्राम पंचायतों के भू-जल स्तर के संबंध में जानकारी दी गई तथा वॉटर हार्वेस्टिंग बनाने हेतु जनप्रतिनिधियों को संकल्प दिलाया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजू एस., पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह, विशेष सचिव तारण प्रकाश सिन्हा, आयुक्त मनरेगा एवं संचालक पीएमएवाई ग्रामीण रजत बंसल, संचालक पंचायत प्रियंका महोबिया उपस्थित थीं।

### गांव-गांव में वाटर हार्वेस्टिंग की अपील

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में गिरते भू-जल स्तर पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने गांव-गांव में जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग अपनाने की अपील की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पंचायतों में वित्तीय सुविधा को बढ़ावा देने के लिए अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र एक मील का पत्थर साबित होगा। इनसे निश्चित ही एक ही स्थान पर रेलवे टिकट बुकिंग हो या छात्रवृत्ति, पेंशन राशि का आहरण की सुविधा ग्राम पंचायतों में ही उपलब्ध होगी। इससे हम ग्राम पंचायतों को स्वावलंबी बनाने के संकल्प को पूरा कर सकते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में भू-जल का गिरता स्तर बहुत ही चिंताजनक है। इसके लिए गांव-गांव में भू-जल स्तर बढ़ाने हेतु विभाग से अलग से एसओपी जारी किया जा रहा है। हम जल स्तर बढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करेंगे। उन्होंने उपस्थित लोगों से भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए कार्य करने का संकल्प लेने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री श्री साय प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के सर्वे अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान जिला मुख्यालयों में सांसद, विधायक, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, सरपंच सहित नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# लोकल फॉर वोकल एवं स्वावलंबी भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की महत्वपूर्ण भूमिका : मुख्यमंत्री साय





श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री राकेश पांडेय के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने श्री पांडेय को नए दायित्व के लिए बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राष्ट्रीय बांस मिशन अंतर्गत 10 महिला हितग्राहियों को बांस टूल किट प्रदान की गई।**

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि श्री पांडेय ने लंबे समय से संगठन में कार्य किया है। उनकी कुशल संगठन क्षमता के बारे में हम सभी अवगत हैं। निश्चित ही अब उनके अनुभवों का लाभ छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि 'लोकल फॉर वोकल', 'स्वावलंबी भारत' के निर्माण एवं स्थानीय रोजगार सृजन में खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी हमेशा खादी एवं ग्रामोद्योग के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हम सबको प्रेरित करते हैं। उन्होंने शासकीय भवनों से लेकर ट्रेनों तक में खादी वस्त्र की उपयोगिता को बढ़ावा दिया है। वे कहते हैं कि खादी हमारी आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि वे हर वर्ष एक बार स्वयं दुकान जाकर खादी का वस्त्र खरीदते हैं और पहनते हैं। छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के पास राष्ट्रीय बांस मिशन का भी कार्य है।उन्होंने कहा कि आज बांस से न केवल गुलदस्ते, ट्री गार्ड, बल्कि क्रैश बेरियर तक बनाए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन भी हो रहा है। उन्होंने बेमेतरा जिले के एक गांव का उल्लेख किया, जहाँ बांस के ऊंचे मीनार और क्रैश बेरियर बनाए जा रहे हैं, जिसकी प्रशंसा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी जी ने की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह बस्तर दौरे पर आए थे, तब महिला स्व-सहायता समूह की बहनों ने उन्हें बांस से निर्मित गुलदस्ता भेंट किया, जिसकी उन्होंने सराहना की। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि इन उत्पादों में रंगों का उपयोग किया जाए, तो उनका आकर्षण और मूल्य दोनों ही बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे उत्पादों को अधिक आकर्षक और बाज़ार योग्य बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए और मुझे विश्वास है कि बोर्ड इस दिशा में आगे बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर मोदी की एक और गारंटी को पूर्ण करने की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए कॉमन सर्विस सेंटर सेवा प्रदाता एवं सरपंचों के मध्य एमओयू किया गया है। आगामी 24 अप्रैल पंचायत दिवस से इन केंद्रों में नगद भुगतान की सुविधा प्रारंभ होगी। इन केंद्रों से विभिन्न प्रमाण पत्र भी प्राप्त किए जा सकेंगे और ग्रामवासियों को अनेक वित्तीय सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिलेगा। इससे लोगों को विकासखंड एवं जिला मुख्यालयों में नहीं जाना पड़ेगा। इस सुविधा का विस्तार चरणबद्ध रूप से सभी ग्राम पंचायतों में किया जाएगा।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री रामविचार नेताम ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर खादी पहुंचे, इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश पांडेय को नए दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, गजेंद्र यादव, अमर अग्रवाल, अनुज शर्मा, धरमलाल कौशिक, प्रेमप्रकाश पांडेय, पूर्व सांसद सरोज पांडेय सहित विभिन्न निगम, मंडल, आयोग के अध्यक्षगण, गणमान्य नागरिकगण एवं छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## वन मंत्री केदार ने किया आठ विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** राज्य सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप के द्वारा विकासखण्ड नारायणपुर के गायत्री मंदिर में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। वन मंत्री केदार कश्यप ने जिले वासियों के लिए 91 लाख 8 हजार 128 रुपए से निर्माण कार्यों की लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर सौगात दी।

उन्होंने हल्बा समाज भवन के समीप सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रुपये, हल्बा समाज भवन के समीप शेड निर्माण के लिए 2 लाख रुपये, पुलिस लाईन नारायणपुर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपये, नयापारा मे शिव मंदिर के समीप शेड निर्माण के लिए 2 लाख रुपये, एस.पी.ओ. कॉलोनी नारायणपुर में नवीन हैण्डपंप खनन् कार्य के लिए 1 लाख 50 हजार रुपये, गुरूद्वारा के समीप सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 14 लाख 64 हजार रुपये, बखरूपारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपये एवं सामुदायिक शेड निर्माण कार्य गायत्री मंदिर के समीप 15 लाख रुपये का भूमिपूजन किया। शासकीय पॉलिटेक्निक 27 लाख 94 हजार 128 रुपये में निर्मित कंप्यूटर लेब का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगरपलिका अध्यक्ष इन्द्रप्रसाद बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रताप सिंह मण्डावी,एसडीएम गौतम पाटिल, अभयजीत मण्डावी, पार्षदगण, जिला पंचायत एवं जनपद के सदस्यगण सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कुर्मी समाज विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है : मुख्यमंत्री साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर राज के 79वें महाधिवेशन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम नरदहा में कुर्मी समाज के सामाजिक भवन हेतु 50 लाख रुपये की घोषणा की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी और प्रदेश की महान विभूतियों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई।**



इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, तथा छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप सहित समाज के अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महाधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि कुर्मी समाज एक परिश्रमी और आत्मनिर्भर समाज है, जो परंपरागत रूप से खेती-किसानी से जुड़ा रहा है और विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत किए गए वायदों में से अधिकांश वायदे हमारी सरकार द्वारा अल्पकाल में ही पूर्ण किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र प्रारंभ किए जा रहे हैं। इसके लिए आज एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में यह सुविधा 24 अप्रैल, पंचायत दिवस से प्रारंभ होगी, और इसका विस्तार चरणबद्ध ढंग से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शपथ ग्रहण के दूसरे ही दिन गरीबों के लिए 18 लाख पक्के मकानों की स्वीकृति दी गई। कुर्मी समाज के कृषक हितों को ध्यान में रखते हुए, किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान की खरीदी की गई, साथ ही पिछले दो वर्षों का धान बोनस भी किसानों को दिया गया।

महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की राशि दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि दो दिन पूर्व केंद्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें फोन कर यह जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ के लिए 3.5 लाख नए आवास और स्वीकृत किए जा रहे हैं। इससे हम और अधिक जरूरतमंदों को पक्का आवास उपलब्ध कराकर घर के सपने को साकार कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, जो पूर्व में बंद कर दी गई थी, अब पुनः प्रारंभ की जा चुकी है, ताकि हमारे बुजुर्ग अपने इच्छित तीर्थ स्थलों की यात्रा कर सकें। उन्होंने कहा कि जीवन में एक बार तीर्थ करने की इच्छा हर बुजुर्ग की होती है, लेकिन आर्थिक कारणों से यह सपना अधूरा रह जाता है, जिसे अब हम साकार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि तेन्दूपत्ता संग्राहकों के पारिश्रमिक को 4000 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये किया गया है। वनवासी भाइयों के पैरों की पीड़ा को ध्यान में रखते हुए, चरण पादुका योजना को वर्ष 2025-26 के बजट में पुनः शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है, और इस दिशा में लगातार प्रभावी कार्य कर रही है। इस अवसर पर समाज के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950